सुविचार

अन्न के कण और
आनंद के क्षण,
कभी व्यर्थ न जाने
दें,
दोनो अमूल्य हैं.!

# प्रथम न्यूज

PRATHAM NEWS
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

Website: www.prathamnews.in
email:- dainikprathamnews@gmail.com
Pratham News
@dainikprathamnews



मिचेल मार्श ने बढ़ाई चेन्नई की टेंशन, प्लेऑफ की उम्मीदों को दिया करारा झटका...

» पृष्ठ 7 पर

जालंधर, वर्ष: 16 अंक : 134 | दिनांक : शनिवार, 16 मई 2026 | सम्पादक : विवेक धीर | सम्पर्क: | 97796-00900 | पन्ने- 8 | मूल्य: ₹ 2.00/- | RNI No I PUNHIN/2010/36540

### पीएम मोदी के दौरे में यूएई-भारत में हुए कई समझौते

# 5 अरब डॉलर का निवेश, मजबूत रक्षा साझेदारी

» प्रथम न्यूज । अबूधाबी/नई दिल्ली
15 मई ( एजेंसी )

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी UAE दौरे पर हैं। उन्होंने अबू धाबी में यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायेद अल नाहया से मुलाकात की। इस दौरान यूएई ने भारत में 5 अरब डॉलर के निवेश का ऐलान किया। यह निवेश भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर, RBL बैंक और सम्मान कैपिटल में किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यूएई यात्रा के दौरान 7 अहम विषयों पर सहमति बनी है। दोनों देशों के बीच सारिक रक्षा साझेदारी के ढांचे पर समझौता हुआ। दोनों देशों के बीच सामरिक रक्षा साझेदारी के ढांचे पर समझौता हुआ। ऊर्जा क्षेत्र में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार तथा तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) आपूर्ति से जुड़े समझौतों पर सहमति बनी। गुजरात के वाडिनार में शिप रिपेयर क्लस्टर स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।



## PM मोदी की UAE यात्रा के दौरान हुए कई बड़े ऐलान

पीएम मोदी की यूएई यात्रा के दौरान कई बड़े ऐलान हुए हैं। भारत और UAE के बीच रणनीतिक रक्षा साझेदारी के लिए फ्रेमवर्क पर समझौता हुआ है। इसके अलावा दोनों देशों ने रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार पर स्थ्र साइन किया है। वहीं लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (LPG) की आपूर्ति और वडिनार में जहाज मरम्मत क्लस्टर स्थापित करने पर भी MoU साइन हुआ है। इसके साथ ही यूएई ने भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर में 5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने का ऐलान किया है।

## UAE पर हमलों की PM मोदी ने की निंदा

यूएई यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हम UAE पर हुए हमलों की कड़ी निंदा करते हैं।

जिस तरह से यूएई को निशाना बनाया गया है, वह किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। राष्ट्रीय एकता, सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए आपने जो कदम उठाए हैं, हम उनका स्वागत करते हैं। इन मुश्किल समय में यूएई में रहने वाले भारतीय समुदाय की देखभाल के लिए जिस तरह उन्हें अपने ही परिवार का सदस्य माना गया, उसके लिए मैं UAE सरकार, आपको और शाही परिवार को दिल से धन्यवाद देता हूं।

## मिडिल ईस्ट युद्ध पर क्या बोले PM मोदी?

UAE के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन ज़ायेद अल नाहयान के साथ प्रतिनिधिमंडल-स्तरीय वार्ता में PM नरेंद्र मोदी ने कहा, पश्चिम एशिया क्षेत्र में युद्ध का असर आज पूरी दुनिया में देखा जा रहा है। भारत ने मुद्दों को सुलझाने के लिए हमेशा बातचीत और कूटनीति को महत्व दिया है। हमारे लिए सबसे जरूरी यह है कि होर्मुज स्ट्रेट मुक्त और खुला रहे। इस संबंध में, अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन करना अनिवार्य है। भारत हर स्थिति में UAE के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है और आगे भी ऐसा ही करता रहेगा। शांति और स्थिरता की बहाली के लिए, भारत हर संभव सहयोग देगा।

## ना होर्मुज का जोखिम, ना युद्ध का असर...

**नई दिल्ली ( ब्यूरो )**- पीएम मोदी के संयुक्त अरब अमीरात दौरे में ऐसा समझौता हुआ कि भारत के दोनों हाथों में लड्डू ही लड्डू आ गया है। इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड (देश के सामरिक पेट्रोलियम भंडार के रखरखाव के लिए जिम्मेदार सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी) ने अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी के साथ 'रणनीतिक सहयोग के उद्देश्य से एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। ये समझौता इतना अहम है कि भारत की सारी समस्याएं एक झटके में पूरी हो जाएंगी।

नए समझौते के तहत यूएई की सरकारी तेल कंपनी (ADNOC) भारत के भूमिगत रणनीतिक भंडारों (जैसे कर्नाटक के पादुर या मंगलूरु स्थित विशाल गुफाओं) में अपना कच्चा तेल लाकर स्टोर (जमा) करेगी। संकट के समय भारत इस तेल का इस्तेमाल तुरंत कर सकेगा। यानी तेल यूएई का, जगह भारत की और इस्तेमाल दोनों देश कर सकेंगे। इस समझौते में कहा गया था कि संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह में कच्चे तेल का कोई भी संभावित भंडारण भारतीय रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार का हिस्सा होगा।



## संक्षिप्त न्यूज

### आंध्र प्रदेश बनेगा डिफेंस हब

*कुरनूल बनेगा 'ड्रोन सिटी', रक्षा मंत्री राजनाथ और ष्टरूनायडू ने आज की शुरुआत*



**नई दिल्ली ( ब्यूरो )**- आंध्र प्रदेश को डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग का बड़ा केंद्र बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। 15 मई को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने राज्य में ड्रोन सिटी समेत छह अहम परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

इन परियोजनाओं में सबसे खास पहल कुरनूल में प्रस्तावित 'ड्रोन सिटी' है। यहां ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग, रिसर्च, ट्रेनिंग और टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट से जुड़ी कई परियोजनाओं की शुरुआत की गई। राज्य सरकार पहले ही ड्रोन स्टार्टअप्स और डिफेंस कंपनियों के साथ बातचीत कर चुकी है, जिससे कुरनूल को ड्रोन टेक्नोलॉजी का बड़ा हब बनाने की तैयारी है।

श्री सत्य साईं जिले के पुट्टपर्थी में एयरोस्पेस और डिफेंस से जुड़े कई प्रोजेक्ट्स की ग्राउंडब्रेकिंग सेरेमनी हुई। यह इलाका अब राज्य के उभरते डिफेंस कॉरिडोर का अहम हिस्सा बनता जा रहा है। बेहतर सड़क और रेल कनेक्टिविटी के चलते यहां इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम सीट से इस्तीफा दिया



**नई दिल्ली ( ब्यूरो )**- पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को नंदीग्राम विधानसभा सीट से इस्तीफा दे दिया और भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र से विधायक बने रहने का विकल्प चुना। सूत्रों के अनुसार, शुभेंदु अधिकारी ने विधानसभा नियमों के तहत निर्धारित अनिवार्य 14 दिनों की अवधि के भीतर विधानसभा अध्यक्ष रथिंद्र बोस को एक सीट से अपना इस्तीफा सौंप दिया।

हाल में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम और दक्षिण कोलकाता के भवानीपुर दोनों सीटों से चुनाव लड़ा। उन्होंने नंदीग्राम में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार पबित्र कर को 9,665 मतों से हराकर जीत हासिल की, जबकि भवानीपुर में उन्होंने तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी को 15,105 मतों के अंतर से हराया।

# पेट्रोल-डीजल तीन रुपये प्रति लीटर हुआ महंगा, नई दर आज से प्रभावी

*भारत में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने के बाद पेट्रोल पंपों में लगी कतारें, अमेरिका-ईरान जंग ने दुनिया भर में तेल महंगा कर दिया, असर भारत पर भी*

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली
15 मई ( एजेंसी )

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमत में 3-3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। सीएनजी के दाम भी दो रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ाए गए हैं। नई दरें आज से लागू हो गई हैं। करीब चार साल बाद पेट्रोल-डीजल की कीमत में इजाफा किया गया है।

दिल्ली में अब पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये से बढ़कर 97.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 87.67 रुपये से बढ़कर 90.67 रुपये प्रति लीटर हो गई है। कोलकाता, मुंबई और चेत्रई जैसे महानगरों में भी इंधन की कीमतों में



उछाल आया है। कोलकाता में पेट्रोल 3.29 रुपये बढ़कर अब 108.74 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में पेट्रोल 3.14 रुपये बढ़कर 106.68 रुपये प्रति लीटर में मिल रहा है। दक्षिण भारत के बड़े शहर चेन्नई में पेट्रोल के दामो में 2.83 रुपये का उछाल आया है और नई कीमत 103.67 रुपये प्रति लीटर हो गई है।

कोलकाता में डीजल की कीमत में 3.11 रुपये का इजाफा हुआ है। वहां एक लीटर डीजल 95.13 रुपये में मिल रहा है। मुंबई में भी डीजल 3.11 रुपये महंगा होकर 93.14 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। चेनई में डीजल की कीमत में 2.86 रुपये का इजाफा किया गया है। वहां डीजल अब 95.25 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। दिल्ली के प्रीत विहार स्थित भारत पेट्रोलियम के पंप पर एक ग्राहक ने इस पर कहा, हम इसके बारे में क्या कर सकते हैं? ये सभी चीजें दूसरे देशों से आती हैं। इनका उत्पादन यहां नहीं होता। इसलिए सरकार जो भी कदम उठा रही है, वह देश के हित में है। पेट्रोल-डीजल की कीमत बढ़ने पर विपक्ष हमलावर है।

कांग्रेस ने एक्स पर लिखा, महंगाई मैन ने जनता पर हंटर चलाया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि आगे बढ़ना है, तो साइकिल ही विकल्प है। विशेषज्ञों का कहना है कि पेट्रोल-डीजल और सीएनजी की कीमत में यह बढ़ोतरी कच्चे तेल की बढ़ती वैश्विक कीमतों के कारण ईंधन बेचने वाली कंपनियों को लगातार हो रहे नुकसान के बीच की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत लगभग 106 डॉलर प्रति बैरल है।

## पेट्रोल-डीजल कीमतों में वृद्धि पर कांग्रेस का मोदी पर हमला



» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली
15 मई ( ब्यूरो )

देश भर में पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ाने पर कांग्रेस ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला।

दरअसल, केंद्र सरकार की ओर से पूरे देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें 3.25 रुपये बढ़ाए जाने पर कांग्रेस ने इसे जनता पर कोड़े बरसाने के रूप में कहा। कांग्रेस ने X पर पोस्ट करके लिखा, महंगाई-मैन मोदी ने आज एक बार फिर जनता पर कोड़े बरसाए हैं। पेट्रोल और डीजल की कीमतें 3-3 रुपये बढ़ा दी गई हैं। इसके साथ ही, CNG की कीमतें भी 2 रुपये बढ़ा दी गई हैं। चुनाव खत्म - मोदी की वसूली शुरू।

इसके साथ ही ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी को चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनावों के पूरा होने से जोड़ते हुए कहा कि चुनावों के बाद PM मोदी की वसूली शुरू हो गई है।




### देश में पेट्रोल और डीजल की नई कीमतें लागू

मालूम हो कि, केंद्र सरकार ने शुक्रवार को पूरे देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें 3.25 रुपये प्रति लीटर बढ़ा दीं। CNG की कीमतें भी 2 रुपये बढ़ाई गईं। नई दिल्ली में, पेट्रोल की कीमतें 94.77 रुपये से बढ़कर 97.77 रुपये प्रति लीटर हो गईं, जबकि डीजल की कीमतें 87.67 रुपये से बढ़कर 90.67 रुपये प्रति लीटर हो गईं। यह ऐसे समय में हुआ है जब दुनिया पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच ऊर्जा संकट का सामना कर रही है और ईंधन बचाने की अपील की जा रही है; इस संघर्ष के कारण एक महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्ग, होर्मुज जलडमरूमध्य में नाकाबंदी हो गई है। इस साल 28 फरवरी को शुरू हुए अमेरिका-इज़रायल और ईरान युद्ध के चलते ब्रेंट तेल की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं। ब्रेंट तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी हुई है, क्योंकि अमेरिका और ईरान इस क्षेत्र में लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष-विराम के लिए मध्यस्थता करने की कोशिश कर रहे हैं। युद्ध का दायरा बढ़ने से पश्चिम एशियाई देश भी इसकी चपेट में आ गए हैं, जो ईंधन के प्रमुख आपूर्तिकर्ता हैं। हालांकि, भारत ने यह स्पष्ट किया है कि देश में ईंधन की कोई कमी नहीं है और उसके पास ऊर्जा की पर्याप्त आपूर्ति मौजूद है।

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, अब सभी सोमवार और शुक्रवार को होगी सिर्फ वर्चुअल सुनवाई



**नई दिल्ली ( एएम नाथ )** - होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से पेट्रोल-डीजल और गैस को लेकर उपजे संकट के बीच सुप्रीम कोर्ट ने भी सुनवाई को लेकर बड़ा फैसला लिया है। सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री सूत्रों के मुताबिक अदालत ने अब सोमवार और शुक्रवार को सिर्फ वर्चुअल सुनवाई का आदेश जारी किया है। हालातों को देखते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने ये फैसला लिया है। सुप्रीम कोर्ट में अभी तक हाइब्रिड सुनवाई की व्यवस्था थी। यानी व्यक्तिगत तौर पर पेशी और वर्चुअल दोनों तरीके से कोर्ट कार्यवाही हो रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने इसको लेकर सर्कुलर जारी किया है। सेकेट्री जनरल भरत पाराशर की ओर से कहा गया है कि भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (DoPT) द्वारा 12 मई 2026 को जारी एक कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, तुरंत प्रभाव से कई प्रशासनिक और कार्य संचालन संबंधी नए उपाय लागू किए गए हैं। अब सुप्रीम कोर्ट में मिसलेनियस डेज़ (जैसे सोमवार, शुक्रवार या अन्य निर्धारित दिन) तथा आंशिक कार्य दिवसों पर सूचीबद्ध मामलों की सुनवाई केवल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगी। रजिस्ट्री के प्रत्येक शाखा/सेक्शन में अधिकतम 50% कर्मचारी सप्ताह में दो दिन तक घर से काम कर सकते हैं।

हालांकि बाकी स्टाफ की कार्यालय में उपस्थिति आवश्यक होगी, ताकि कामकाज निर्बाध रूप से चलता रहे। संबंधित रजिस्ट्रार को साप्ताहिक रोस्टर तैयार करने, कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और कार्य समय पर पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं। आवश्यकता पड़ने पर कर्मचारियों को तुरंत कार्यालय बुलाया भी जा सकता है।

## चीन में डाउनग्रेड हुए ट्रंप!

- जिनपिंग ने प्रोटोकॉल में उलझाया, ताइवान पर धमकाया और डील में भी दबाया
- ट्रंप की चीन यात्रा 9 सालों में किसी अमेरिकी राष्ट्रपति की पहली यात्रा

» प्रथम न्यूज । बीजिंग
15 मई ( एजेंसी )

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शुक्रवार को चीन की अपनी तीन दिवसीय यात्रा पूरी कर बीजिंग से रवाना हो गए। इस दौरान उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ ईरान युद्ध और व्यापार सहित कई मुद्दों पर कई दौर की बातचीत की।


हालांकि ईरान, ताइवान और अन्य मुद्दों पर दोनों नेताओं के बीच गहरे मतभेद बने हुए हैं। यह नौ सालों में किसी अमेरिकी राष्ट्रपति की चीन की पहली यात्रा थी। ट्रंप खुद 2017 में चीन की यात्रा करने वाले आखिरी अमेरिकी राष्ट्रपति थे। लेकिन कूटनीतिक हलकों में पिछली बार की तुलना में इस यात्रा को कमतर माना जा रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास और कार्यालय 'व्हाइट हाउस द्वारा जारी दोनों नेताओं की बैठक के ब्योरे के अनुसार, दोनों देश इस बात पर सहमत हुए कि होर्मुज जलडमरूमध्य खुला रहना चाहिए। वहीं ट्रंप ने शी और उनकी पत्नी को 24 सितंबर को 'व्हाइट हाउस में आमंत्रित भी किया है।

ट्रंप की इस यात्रा को कूटनीतिक हलकों में 2017 की तुलना में कमतर माना जा रहा है। उन्हें रिसीव करने के लिए चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग आए, जिनके पास नीति निर्धारण की कोई वास्तविक शक्ति नहीं है। यह संकेत है कि चीन अब अमेरिका को पहले जैसी तवज्जो नहीं दे रहा है।

जिनपिंग ने ट्रंप के सामने प्राचीन यूनानी दर्शन थ्यूसिडाइड्स ट्रैप का जिक्र किया। इसके जरिए उन्होंने साफ संदेश दिया कि चीन अब एक स्थापित महाशक्ति (अमेरिका) को चुनौती देने वाली उभरती हुई ताकत है और अमेरिका को इस सच्चाई को स्वीकार करना होगा।





## संक्षिप्त न्यूज

### सरकारी सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित होना आवश्यक : डॉ. अजय बग्गा



**होशियारपुर ( तरसेम दीवान )** – सामाजिक जागरूकता के लिए कार्यरत संस्था सवेरा ने पंजाब राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान से विनती की है कि सरकारी विभागों में आउटसोर्सिंग, कॉन्ट्रैक्ट पर कार्यरत अस्थायी कर्मचारियों की सेवाओं को तुरंत नियमित किया जाए। सरकारी सेवा के दौरान नौकरी से सुरक्षित कर्मचारी ही समर्पित भावना से काम कर सकता है। सरकार तभी कुशल शासन दे सकती है यदि उन लोगों का भविष्य सुरक्षित होगा जिन्होंने साफ-सुथरा शासन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। सवेरा के पदाधिकारियों डॉ. अजय बग्गा, हरीश सैनी, डॉ. सरदूल सिंह और डॉ. अवनीश ओहरी ने जारी बयान में कहा कि सरकारी सेवाएं जन कल्याण की रीढ़ की हड्डी हैं। सरकारी विभाग तब तक कुशलता से नहीं चल सकते जब तक इन विभागों में सेवाएं देने वाले कर्मचारी खुद भविष्य की असुरक्षा में जी रहे हैं। अस्थायी आधार पर भर्ती किए गए कर्मचारी वही जिम्मेदारी और वही काम करते हैं जो पक्के कर्मचारी करते हैं। पर अस्थायी कर्मचारियों के पास नौकरी की सुरक्षा, पेंशन और समान काम के लिए समान वेतन नहीं होता। इस तरह सरकारी संस्थाओं के अंदर ही दोहरी प्रणाली बन जाती है, जो स्टाफ का मनोबल गिराती है और सेवा की गुणवत्ता को कमजोर करती है। कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी अचानक बर्खास्तगी और शोषण के डर में जीते हैं। बहुत सारे कर्मचारी सालों तक अनुभव और महारत हासिल करने के बावजूद तरक्की और स्थिरता से वंचित रह जाते हैं। पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि जब अस्थायी तौर पर काम करने वाले कर्मचारी अपने हकों की मांग करते हुए हड़ताल पर जाते हैं तो उन्हें काम में बाधा डालने वाला करार दिया जाता है न कि सिस्टम की कमी को उजागर करने वाला। सवेरा के कन्वीनर डॉ. अजय बग्गा ने भविष्य में सरकारी सेवाओं में सभी नियुक्तियां पहले दिन से ही नियमित और पक्के करने के आधार पर किए जाने की मांग की है।

### रशपाल सिंह संधू के अनुसार, कांग्रेस पार्टी नगर परिषद चुनाव में भारी बहुमत से जीत हासिल करेगी



**जीरा, 15 मई ( अंग्रेज बराड़ )** – जीरा नगर परिषद के चुनाव में कांग्रेस पार्टी पूर्व विधायक और जिला अध्यक्ष सरदार कुलबीर सिंह जीरा के नेतृत्व में पूरी सक्रियता से चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस पार्टी इन नगर परिषद चुनावों में फिर से जीत हासिल करेगी। ये शब्द जीरा के मल्लु बड़िया गांव के पूर्व सरपंच और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सरदार रशपाल सिंह संधू ने जीरा में पत्रकारों से कहे। उन्होंने कहा कि युवा नेता सरदार कुलबीर सिंह जीरा अपने दिवंगत पिता इंदरजीत सिंह जीरा (पंजाब के पूर्व मंत्री) के पदचिन्हों पर चलकर कांग्रेस पार्टी को दिन-प्रतिदिन मजबूत कर रहे हैं। जीरा परिवार के हर अमीर-गरीब परिवार के सुख-दुख में साथ देने के कारण जीरा परिवार न केवल जीरा के लोगों की जुबान पर है, बल्कि पूरे पंजाब के लोगों की जुबान पर है। सरपंच रशपाल सिंह संधू ने आगे कहा कि कुलबीर सिंह जीरा आगामी 2027 विधानसभा चुनावों में भारी बहुमत से जीत हासिल करेंगे और अगली कांग्रेस सरकार में मंत्रिमंडल मंत्री बनेंगे! सरपंच संधू ने यह भी कहा कि जीरा निर्वाचन क्षेत्र में अगर कोई विकास हुआ है, तो वह पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ही हुआ है। सरपंच रशपाल सिंह संधू ने बताया कि पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान विधायक रहते हुए कुलबीर सिंह जीरा ने बड़ी मात्रा में अनुदान लाकर जीरा निर्वाचन क्षेत्र के गांवों और शहरों का विकास कर दिखाया था! इस अवसर पर रशपाल सिंह संधू के साथ सरपंच जांगीर सिंह कटोरा, सरपंच जनक राज शर्मा, सरपंच जगवीर सिंह गिल, सरपंच सुखचैन सिंह बराड़, जसवंत सिंह ढिल्लों आदि उपस्थित थे।

### 96 वर्षीय वृद्ध महिला की लिवासा अस्पताल, नवांशहर में कलाई की जटिल फैक्चर सर्जरी हुई



**नवांशहर ( जगमीत घुम्मन )**- 96 वर्षीय वृद्ध महिला की कलाई की लिवासा अस्पताल, नवांशहर में जटिल फैक्चर सर्जरी सफलता पूर्वक की गई। गिरने के बाद वृद्ध महिला की कलाई में इंट्रा-आर्टिकुलर डिस्टल रेडियस फैक्चर हो गया था, जो उम्र, गंभीर ऑस्टियोपोरोसिस , फैक्चर के कई टुकड़ों में बंट जाने और जोड़ों की समस्या के कारण और भी चुनौतीपूर्ण हो गया था।

वरिष्ठ सलाहकार-एनेस्थीसिया एवं क्रिटिकल केयर, डॉ समीर शर्मा ने बताया कि यह प्रक्रिया रीजनल एनेस्थीसिया के तहत की गई, जिसमें सुप्रो क्लेविकुलर और एक्सिलरी नर्व ब्लॉक का संयुक्त उपयोग किया गया। इससे मरीज पूरी तरह से होश में रहते हुए सर्जरी करा सकता है व बुजुर्ग मरीजों में जनरल एनेस्थीसिया से जुड़े ऑपरेशन के दौरान के जोखिमों को कम किया जा सकता है। सलाहकार ऑर्थो डॉ आकाशदीप सिंह ने बताया कि उपचार रणनीति का मुख्य लक्ष्य शीघ्र पुनर्वास और कलाई की कार्यक्षमता को बहाल करना था।

ऑपरेशन के दौरान प्राप्त स्थिर फिक्सेशन को देखते हुए, सर्जरी के अगले ही दिन से कलाई को गतिशील बनाने के व्यायाम शुरू कर दिए गए।

ऑपरेशन के बाद की अवधि में मरीज ने संतोषजनक सुधार दिखाया और तीन दिनों के भीतर ही मरीज को स्थिर हालत में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। डॉ आकाशदीप ने बताया कि इस मामले में हमारा मुख्य उद्देश्य केवल फैक्चर को ठीक करना नहीं था, बल्कि मरीज का आत्मविश्वास और फंक्शनल इंडिपेंडेंस बहाल करना भी था।

## भाजपा ने किया पंजाब सरकार, आम आदमी पार्टी और पंजाब पुलिस पर तीखा हमला

» प्रथम न्यूज । जालंधर
15 मई ( शैली अल्बर्ट )



बीते वीरवार को आम आदमी पार्टी के प्रमुख नेताओं द्वारा साईं दास स्कूल की ग्राउंड मे हुए श्री बाला जी महाराज के कार्यक्रम को करने की परमिशन पंजाब पुलिस द्वारा सैंकड़ो सनातनीयो के प्रदर्शन के बाद मिलने पर प्रेस वार्ता कर भाजपा पर आरोप लगाने वाले आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल और पंजाब की भगवंत मान सरकार के मुख सलाहकार दीपक बाली,पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री महिंद्र भगत,सेंट्रल हल्का इंचार्ज नितिन कोहली,नार्थ हलका इंचार्ज दिनेश ढल्ल समेत आप नेताओ पर जालंधर भाजपा जिला प्रधान सुशील शर्मा की अध्यक्षता मे स्थानीय प्रेस क्लब में प्रेस कांफ्रेंस कर पंजाब सरकार,आम आदमी पार्टी और पंजाब पुलिस पर तीखा हमला कर पंजाब सरकार और पंजाब पुलिस द्वारा राजनैतिक दबाव मे कार्यक्रम को रोकने और पंजाब पुलिस के गैर-जिम्मेद्राना पर तीखा हमला बोला है ।प्रेस वार्ता मे भाजपा जिला अध्यक्ष सुशील शर्मा ने बताया बीते बुधवार देर रात से साईं दास स्कूल की ग्राउंड में वीरवार रात को होने वाले बालाजी महाराज के कार्यक्रम की तैयारी में लगे लाइट,साउंड,टेंट और डेकोरेशन मे लगे कर्मचारियों को पंजाब पुलिस द्वारा रोका गया ।जिसके बाद बुधवार देर रात करीब 12 बजे भाजपा नेता पूर्व विधायक शीतल अंगुराल,महामंत्री जालंधर भाजपा अशोक सरीन हिक्की समेत सैंकड़ो धर्म प्रेमियों द्वारा प्रचंड विरोध करने के बाद सनातन धर्म प्रेमियों और अलग-अलग राजनैतिक धार्मिक समाजिक संगठनों के लोगो ने बालाजी महाराज के कार्यक्रम के पक्ष मे पंजाब पुलिस के विरोध मे आवाज बुलंद की जिसके बाद वीरवार सुबह से दोपहर करीब 2 बजे तक कड़ी धूप मे बालाजी महाराज के कार्यक्रम को करने के पक्ष मे विरोध किया था ।जिस के बाद वीरवार सुबह भाजपा से पूर्व मंत्री विधायक मनोरंजन कालिया,पूर्व विधायक कृष्ण देव भंडारी समेत अन्य राजनैतिक दलो के सामाजिक संगठनों के बाद सैंकड़ो कार्यकर्ताओ के 15 घंटे तक चले प्रचंड प्रदर्शन को पुलिस के माध्यम से दबाने मे फेल होने के बाद पूर्व विधायक शीतल अंगूराल ने बताया कि वीरवार देर शाम प्रेस वार्ता कर खुद को सनातनी बोलने वाले दीपक बाली और आप पार्टी के नेताओ को बुधवार देर रात से शुरू होकर वीरवार दोपहर तक कड़ी धूप मे करीब 15 घंटे तक प्रदर्शन करने वाले सनातनी क्यों नही दिखें शीतल अंगुराल कहा कि प्रेस कांफ्रेंस करने वाले दीपक बाली और उनकी फौज अगर सच्चे सनातनी थे तो संघर्ष में शामिल क्यों नहीं हुए शीतल अंगूराल ने कहा कि सनातन विरोधी स्टालिन और ममता का रंग दीपक बाली और आम आदमी पार्टी पर पूरी तरह चढ़ चुका है इस प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कृष्ण देव भंडारी ने कहा कि इस पूरे 15 घंटे के संघर्ष के बाद श्री बालाजी महाराज की चौकी और कन्हैया मित्तल के कार्यक्रम की परमिशन मिलने के बाद ही आम आदमी पार्टी के नेताओं ने अपने-अपने स्पष्टीकरण देने शुरू किए थे उन्होंने कहा कि सनातन की एकजुटता के सामने आज पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार को झुकना पड़ा और उनके मंसूबे पूरी तरह ध्वस्त हो गए कृष्ण देव भंडारी ने कहा कि दिखावे वाले पंजाब सरकार के फर्जी सनातनी बताएं कि बालाजी महाराज की फोटो वाली बोर्ड फाड़ने और उतराने वालों पर क्या कार्रवाई की गई और प्रेस कांफ्रेंस करने वाले दीपक बाली,महेंद्र भगत,दिनेश ढल समेत आपके सभी नेता कार्यक्रम में हजारों की संख्या में सनातनियों को देखकर चंद्र मिनटों में ही कार्यक्रम स्थल से गायब हो गए थे।

इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष सुशील शर्मा,पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव,कृष्ण देव भंडारी,पूर्व विधायक शीतल अंगूराल,सरबजीत सिंह मक्कड़,जिला महामंत्री अशोक सरीन हिकी,राजेश कपूर,जिला सचिव अमित भाटिया,गौरव राय,अर्जुन हैप्पी,मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## बहल ने तीर्थ यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं का गुरदासपुर पहुंचने पर किया स्वागत

**गुरदासपुर ( संदीप सन्नी )**- हलका इंचार्ज रमन बहल ने गाहलड़ी रोड स्थित रामलीला ग्राउंड में मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत धार्मिक स्थलों के दर्शन कर वापस लौटे श्रद्धालुओं का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। बहल ने यात्रियों को फूलों के हार पहनाकर और तालियों की गूंज के बीच रिसीव किया। इस अवसर पर इलाके के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और भारी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद थे।

### 11वीं बस श्रद्धालुओं को करवा कर लाई दर्शन

जानकारी के अनुसार, विधानसभा हलका गुरदासपुर से रवाना हुई 11वीं बस श्री आनंदपुर साहिब, कीरतपुर साहिब, विरासत-ए-खालसा और माता नैना देवी के दर्शन करने के बाद सकुशल गुरदासपुर लौटी।

### श्रद्धालुओं ने साझा किए अनुभव

वापस लौटे यात्रियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह यात्रा बहुत ही सुखद और आत्मिक शांति प्रदान करने वाली रही। उन्होंने पंजाब सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि सरकार की इस पहल के कारण उन्हें पवित्र धार्मिक स्थलों के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

### बुजुर्गों के लिए वरदान साबित हो रही योजना

इस मौके पर बहल ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा शुरू की गई यह योजना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इस स्कीम का सबसे अधिक लाभ बुजुर्गों को मिल रहा है, जो अपने सीमित संसाधनों के कारण इन तीर्थ स्थलों की यात्रा करने में असमर्थ थे। बहल ने दोहराया कि सरकार लोक भलाई के लिए वचनबद्ध है और भविष्य में भी ऐसी जनहितकारी योजनाएं जारी रहेंगी। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य सुच्चा सिंह मुल्तानी, तीर्थ यात्रा योजना के हलका कोऑर्डिनेटर गगन महाजन, व्यापार मंडल प्रधान अश्वनी महाजन, इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के ट्रस्टी हितेश महाजन सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



## उत्तर प्रदेश बिहार कल्याण परिषद पंजाब का द्विवार्षिक चुनाव हुआ संपन्न



» प्रथम न्यूज । अमृतसर
15 मई ( साहिब दयाल )

बिहार कल्याण परिषद (रजि॰) पंजाब का द्विवार्षिक चुनाव मजदूर रैन बसेरा परिषद भवन ग्रीनलैंड में संपन्न हुआ ।

यह चुनाव सुग्रीव सिंह की अध्यक्षता में किया गया जिसमें सर्वसम्मति से डॉक्टर जे,पी, सिंह को प्रधान, आरसी यादव को चेयरमैन, राम भवन गोस्वामी को महामंत्री, पैटर्न सुग्रीव सिंह, एडवाइजर सरपंच कमल कुमार बंगाली, सीनियर उप प्रधान, सुखदेव पाल, उप प्रधान, संतोष सिंह, मोहन कुमार, जोगिंदर उपाध्याय, कोषाध्यक्ष, राकेश कनौजिया, सेक्रेटरी, धर्मेंद्र सिंह ,बालकिशन यादव, बृजलाल यादव, ज्वाइंट सेक्रेटरी, श्याम लाल यादव, संदीप मिश्रा, ज्वाइंट फाइनेंस सेक्रेटरी सतनारायण मिश्रा, ऑडिटर जयप्रकाश सिंह, मीडिया सेक्रेटरी शिवराज द्रुपद ज्वाइंट मीडिया सेक्रेटरी राजू भारती, उमेश यादव, रैन बसेरा मेंटेनेंस समिति में विकास यादव, नगीना सिंह, संजय सिंह, मुकेश गुप्ता, ऑफिस सेक्रेटरी सतबीर सिंह, कार्यकारी सदस्यों में, तुलसीराम शुक्ला, मतवार यादव, रामजन्म यादव, श्याम लाल गुप्ता, अंबिका दुबे ,रविकुमार, दीपक उपाध्याय, राजकुमार पाल, जेपी यादव, राजकुमार, उमेश पासवान, ऋषिकेश, राजकुमार मौर्य, ओमप्रकाश चौरसिया, को नियुक्त किया गया,इस मौके पर महासभा के सभी सदस्यों ने भाग लिया , नवनियुक्त प्रधान एवं चेयरमैन ने कहा परिषद की तरफ से लोक भलाई कार्यो को हम सभी मिलजुल कर करते रहेंगे, उपरोक्त चुने हुए पदाधिकारीयों ने कहा हम सभी परिषद का पूर्ण रूप से विकास करते हुए परिषद के विधान का मान रखेंगे।

तथा लोकहित कार्यक्रम जिसमें, वंचित जरूरतमंद लोगों का इलाज, शिक्षा, कानूनी सहायता, सामाजिक समानता के आयोजन परिषद की तरफ से निरंतर करने के प्रयास किये जाएंगे।

## हार के डर से चुनाव लूटने की तैयारी में है आप सरकार : तलवाड़, लाली बाजवा

### संजीव तलवाड़ ने संभावित उम्मीदवारों को जीत के लिए किया उत्साहित



» प्रथम न्यूज । होशियारपुर
15 मई ( तरसेम दीवाना )

पंजाब में लोगों का विश्वास खो चुकी आम आदमी पार्टी की सरकार अब अपनी साख बचाने के लिए नगर निगम चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से लड़ने के बजाय धक्केशाही के जरिए 'लूटने' की तैयारी कर रही है। यह शब्द शिरोमणि अकाली दल के पूर्व राज्यसभा सदस्य ने होशियारपुर नगर निगम चुनावों के संबंध में शिरोमणि अकाली दल के संभावित उम्मीदवारों की एक अहम बैठक को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने सरकार पर तीखे निशाने साधते हुए कहा कि यह प्रदेश की पहली ऐसी सरकार है जिसने लोकतांत्रिक मूल्यों का खुलेआम हनन किया है।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला प्रधान ( शहरी ) जतिंदर सिंह लाली बाजवा ने कहा कि शिरोमणि अकाली दल सरकार की हर ज्यादती और धक्केशाही का मुंहतोड़ जवाब देगा। उन्होंने दावा किया कि आने वाले चुनावों में पंजाब की जनता मौजूदा सरकार को बुरी तरह नकार देगी। हल्का इंचार्ज संजीव तलवाड़ ने संभावित उम्मीदवारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं का हौसला ही जीत की पहली सीढ़ी होता है।

उन्होंने अपील की कि हर उम्मीदवार घर-घर जाकर लोगों से संपर्क स्थापित करे और शिरोमणि अकाली दल के कार्यकाल के दौरान हुए विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाया जाए।

उन्होंने कहा कि जब पूरी लीडरशिप एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरेगी, तो शिरोमणि अकाली दल का झंडा बुलंद होना तय है।

इस मौके पर अन्य लोगों के ईलावा, संतोष सिंह औजला (जिला प्रधान, व्यापार सेल), वरिंदर सिंह परमार ( जिला जनरल सचिव), नीति तलवाड़, संजीव थापर, लवली पहलवान और वेद प्रकाश आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

## सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्मार्ट क्लास रूम का उद्घाटन



» प्रथम न्यूज । गुरदासपुर
15 मई ( संदीप सन्नी )

पंजाब में शिक्षा क्षेत्र को आधुनिक बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, विधायक गुरदीप सिंह रंधावा द्वारा गांव घुम्मन कलां के सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्मार्ट क्लास रूम का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह प्रयास राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व और शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस के मार्गदर्शन में संभव हो सका है। विधायक रंधावा ने संबोधित करते हुए कहा कि यह स्मार्ट क्लास रूम केवल एक कमरा नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के लिए नई सोच, नए साधनों और नए अवसरों का द्वार है। डिजिटल तकनीक से लैस ये कक्षाएं विद्यार्थियों को विषयों को समझने में अधिक सुगमता और रुचि प्रदान करेंगी।

उन्होंने आगे कहा कि पंजाब सरकार द्वारा पिछले चार वर्षों के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली सहित विभिन्न क्षेत्रों और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए शानदार प्रयास किए गए हैं, जिन्हें करने में पिछली सरकारें पूरी तरह विफल रही थीं। ऐतिहासिक और धार्मिक निर्वाचन क्षेत्र डेरा बाबा नानक के विकास कार्यों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि वह 24 घंटे जनता की सेवा में तत्पर हैं और हलका निवासियों से मिलकर उनकी समस्याओं का लगातार निपटारा किया जा रहा है।

## जिला कराटे चैंपियनशिप ने युवा शक्ति और आत्मरक्षा की भावना को दिया नया जोश

» प्रथम न्यूज । गुरदासपुर
15 मई ( संदीप सन्नी )

जिम्नेजियम हॉल, गुरदासपुर में आयोजित जिला स्तरीय कराटे चैंपियनशिप ने युवाओं में अनुशासन, शक्ति और आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता का नया उत्साह भर दिया। इस महत्वपूर्ण खेल आयोजन का आयोजन कराटे-डो एसोसिएशन गुरदासपुर द्वारा जिला बाल कल्याण परिषद गुरदासपुर के सहयोग से किया गया। चैंपियनशिप का कुशल प्रबंधन नेशनल कोच गुरजंत सिंह के नेतृत्व में उनकी अनुभवी टीम द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले भर के विभिन्न स्कूलों और अकादमियों का प्रतिनिधित्व करते हुए लगभग 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने अपने कौशल, दृढ़ संकल्प और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुकाबलों के दौरान कई रोमांचक और कड़े मुकाबले देखने को मिले, जो खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और कोचों के समर्पण को दर्शा रहे थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरदासपुर कराटे ट्रेनिंग सेंटर ने 30 स्वर्ण और 15 रजत पदक जीतकर ऑलओवर चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की। शोतोकान कराटे क्लब, धारीवाल दूसरे स्थान पर रहा, जबकि एच.आर.ए. लोटस स्कूल ने तीसरा स्थान हासिल किया।

टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह नेशनल अवॉर्डी रोमेश महाजन द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि आधुनिक समय में कराटे एक महत्वपूर्ण आत्मरक्षा खेल के रूप में उभर रहा है, विशेषकर लड़कियों के लिए। उन्होंने लड़कियों में देखे गए उत्साह की प्रशंसा करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बताया।




पदक वितरण समारोह गगन महाजन द्वारा किया गया, जबकि समापन समारोह सचिन शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। विजेता खिलाड़ियों को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इन विजेताओं का चयन 31 मई को अमृतसर स्थित गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी में होने वाली स्टेट कराटे चैंपियनशिप के लिए किया गया है। टूर्नामेंट में चीफ रेफरी सेंसेई अर्जुन मार्शल के साथ लवली सैनी, सन्नी मल्होत्रा, बलजिंदर सिंह, सचिन और मुस्कान बलप्रीत कौर ने अहम भूमिका निभाई। कोचिंग टीम में बलजीत, जियोलाल बग्गा, योगेश कुमार, राहुल, रमन कुमार, अजय, दीपांशु, ममता, दविंदर सिंह, नानक पांडे, रूबी और विवेक बग्गा शामिल थे। इस अवसर पर डीसीडब्ल्यूसी के कोआर्डिनेटर बख्शी राज, केपी सिंह सहित विभिन्न स्कूलों के शिक्षक और प्रशासक भी उपस्थित रहे।

## सीपीआई (एमएल) लिबरेशन और आरएमपीआई की संयुक्त बैठक

**तेजी से बढ़ती महंगाई के खिलाफ 18 मई को शहरों और कस्बों में विरोध प्रदर्शन आयोजित करने और 19 से 28 मई तक जन लामबंदी के लिए जनता के पास जाओ अभियान शुरू करने की घोषणा की गई है।**

» प्रथम न्यूज । जालंधर
15 मई ( डोगरा )

बाबा बुझा सिंह भवन में सीपीआई (एमएल) लिबरेशन और रिवोल्यूशनरी मार्कि्सस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (आरएमपीआई) की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों पार्टियों के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड दीपांकर भट्टाचार्य और कॉमरेड मंगत राम पसला उपस्थित थे। बैठक में देश और विश्व की वर्तमान राजनीतिक स्थिति, कम्युनिस्ट आंदोलन के सामने मौजूद चुनौतियों, राज्य की वर्तमान राजनीतिक स्थिति और भविष्य के कार्यों पर चर्चा की गई।

इस बैठक में लिबरेशन सेंट्रल कमेटी के सदस्य कामरेड प्रशोतम शर्मा, राज्य सचिव कामरेड गुरमीत सिंह बख्तपुर, आरएमपीआई के राज्य सचिव कामरेड परगट सिंह जामाराय समेत कामरेड राजविंदर सिंह राणा, रुलदू सिंह मानसा, सुखदर्शन सिंह नट, नछत्तर सिंह खिवा, जसबीर कौर नट और गुरनाम सिंह भीखी भी मौजूद थे.

विस्तृत विचार-विमर्श के बाद, विश्व भर के सभी श्रमिकों के कट्टर शत्रु, अमेरिकी साम्राज्य और भारत में कॉरपोरेट-प्रभुत्व वाले सांप्रदायिक-फासीवादी गठबंधन के विरुद्ध संघर्ष को और तीव्र करने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में, वर्ष 2027 में होने वाले पंजाब विधानसभा चुनावों में सांप्रदायिक-फासीवादी ताकतों की पराजय सुनिश्चित करने और वामपंथी दलों की शक्ति बढ़ाने के लिए एक संयुक्त अभियान शुरू करने और सभी संभव संसाधनों को जुटाने पर भी सहमति बनी है।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मोदी सरकार द्वारा जनता पर थोपी गई आर्थिक आपात स्थिति के विरुद्ध जन संघर्ष शुरू करने के लिए, दोनों दल 18 मई को पंजाब के शहरों और कस्बों में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा संयम के नाम पर थोपी जा रही कमरतोड़ महंगाई और खाना पकाने की गैस की कीमतों में भारी वृद्धि के विरुद्ध जन विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसी क्रम में, %जनता के बीच जाओ% अभियान के तहत, 19 से 28 मई तक सैकड़ों गांवों में श्रमिकों और किसानों की आजीविका पर हो रहे घातक हमलों के विरुद्ध प्रदर्शन किए जाएंगे और आम जनता को मोदी सरकार और मान सरकार की जनविरोधी, भ्रष्ट और कॉरपोरेट नीतियों के प्रतिकूल प्रभावों, तेजी से बढ़ती बेरोजगारी, घातक कर्ज के जाल और निकट भविष्य में कृषि संकट के और भी गंभीर होने के खतरे से अवगत कराया जाएगा।



इस अभियान का चरम बिंदु 7 जून को लुधियाना में होने वाली एक विशाल जनसभा होगी, जिसमें चुनाव आयोग के उस फैसले का विरोध किया जाएगा जिसमें बिहार, बंगाल और तमिलनाडु की तरह पंजाब में भी लाखों गरीब और कमजोर वर्गों के वैध वोटों को एसआईआर (SIR) के बहाने रद्द कर दिया गया है। इस जनसभा में दोनों पार्टियों के राष्ट्रीय महासचिवों समेत अन्य लोग भी शामिल होंगे। बैठक में इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त की गई कि चुनावों के दौरान देश का चुनाव आयोग, न्यायपालिका, पुलिस और अर्धसैनिक बल मोदी सरकार और आरएसएस-भाजपा के इशारे पर जिस तरह से काम कर रहे हैं, वह कानून के शासन और लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है। यदि इस स्थिति को नहीं रोका गया, तो देश की स्वतंत्रता और भौगोलिक अखंडता को बनाए रखना असंभव हो जाएगा। बयान में कहा गया है कि इस खतरे को देखते हुए, बैठक दोनों दलों की वैचारिक एकता को और मजबूत करेगी और वर्तमान संविधान में निहित समानता, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और संघीय संरचना के बुनियादी सिद्धांतों की रक्षा के लिए सभी समान विचारधारा वाले वामपंथी और लोकतांत्रिक दलों के साथ एकजुटता स्थापित करने के लिए ठोस प्रयास करेगी।



## संक्षिप्त न्यूज

## चंबा में देर रात हुआ हादसा, एक की मौत और एक घायल

**चम्बा ( एएम नाथ )**– चंबा जिले में दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में एक की मौत हो गई, जबकि एक घायल है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, चंबा जिले के भरमौर–पठानकोट हाईवे पर जांघी नामक स्थान पर रात करीब ढाई बजे एक कार खाई में गिर गई। हादसे में पवन कुमार पुत्र जन्नत निवासी उलेणी डाकघर प्रीणा की मौत हो गई। हादसे में चालक बर्फो पुत्र बुधिया घायल हो गया।

कार गिरने की आवाज सुन ग्रामीणों ने पुलिस, अग्निशमन विभाग को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची टीमों ने हाईवे से नीचे गिरी कार के चालक और दूसरे व्यक्ति को उठाकर मेडिकल कॉलेज चंबा पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने पवन कुमार पुत्र जन्नत निवासी उलेणी डाकघर प्रीणा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस टीम घटना की जांच कर रही है। ये जानकारी एसपी चंबा विजय सकलानी ने दी।

## हरोली सिंचाई परियोजना के लिए केंद्र की बड़ी सौगात, हिमाचल के लिए जारी किए 41.48 करोड़ रुपये





**शिमला ( बी. शर्मा )**– कमांड एरिया डेवलपमेंट एवं वाटर मैनेजमेंट योजना (एम–सीएडीडब्ल्यूएम) के तहत केंद्र सरकार ने हरोली विधानसभा क्षेत्र के लिए 41.48 करोड़ रुपये की स्वीकृति दे दी है। 100 करोड़ की लागत से बनने वाली इस योजना के तहत यह पहले चरण की मंजूरी दी है।

योजना के तहत नगनोली से बाथड़ी तक हरोली विधानसभा की लगभग 131 सिंचाई योजनाओं का सुधार एवं आधुनिकीकरण किया जाएगा, जिससे करीब 5 हज़ार हेक्टेयर भूमि को बेहतर सिंचाई सुविधा मिलेगी। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि इस परियोजना के लिए लगातार केंद्र सरकार से बजट जारी करने की मांग उठाई थी।

वे स्वयं कई बार केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से मिले थे। यह स्वीकृति किसानों की समृद्धि, कृषि को मजबूती और हर खेत को पानी के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने इसके लिए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल का आभार व्यक्त किया है।

## धर्मशाला में बारिश का साया या खिलेगी धूप?



**शिमला ( बी. शर्मा )**– मौसम विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा जारी किए गए ताजा पूर्वानुमान के अनुसार 17 मई को धर्मशाला में होने वाले मैच पर मौसम का कोई असर नहीं रहेगा।

हालांकि शनिवार और रविवार को 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से आंधी चलने को लेकर चंबा, कांगड़ा मंडी और कुल्लू में कुछ एक स्थानों पर 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से आंधी चलने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

हालांकि अधिकतर स्थानों पर मौसम के साफ रहने का अनुमान है। आने वाले दिनों में मैदानों के साथ पहाड़ भी तपेंगे और तापमान में वृद्धि का अनुमान लगाया गया है

शुक्रवार को धूप और बादलों के बीच दिन के तापमान में करीब तीन डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान में सबसे अधिक गिरावट शिमला के कुफरी में 2.9, कंलग में 2.8, बिलासपुर के बरठीं, कल्पा और शिमला में करीब 1.7 डिग्री की गिरावट आई है। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान ऊना में 37 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश में 11 स्थानों का अधिकतम तापमान 30 डिग्री के पार दर्ज किया गया है। आंधी, ओलावृष्टि और ऊंची चोटियों में हिमपात के बाद तापमान में गिरावट आई थी।

## शिमला के चिड़गांव में परिवार पर दराट और डंडे से हमला, कई लोग घायल

**शिमला ( ब्यूरो )**– शिमला जिला के चिड़गांव थाना क्षेत्र में आपसी विवाद के चलते एक परिवार पर हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार दीक्षित निवासी चिड़गांव की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विक्की और उसकी माता गुड्डी देवी ने दराट और डंडे से हमला कर उन्हें और उनके परिवार को घायल कर दिया। घटना में कई लोगों को चोटें आई हैं। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं दूसरी ओर चिड़गांव थाना क्षेत्र में एक महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस को दी गई शिकायत में गुड्डी देवी निवासी चिड़गांव ने आरोप लगाया कि गुड्डू राम और उसके परिवार के सदस्य जबरन उनके घर में घुस आए और उनके साथ तथा उनके बेटे विक्की के साथ मारपीट की। घटना में दोनों घायल हुए हैं। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

**महिला के साथ मारपीट और धमकी** – रामपुर थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ मारपीट और धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार सुलोचना देवी निवासी रामपुर की शिकायत पर मामला दर्ज हुआ है।

# हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने श्री श्री रवि शंकर से लिया आशीर्वाद

**बेंगलुरु के आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर में हुई विशेष मुलाकात, सामाजिक एवं आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा, विश्व शांति और सांस्कृतिक मूल्यों को लेकर हुई सार्थक वार्ता**

» प्रथम न्यूज । बेंगलुरु
15 मई ( एएम नाथ )

बेंगलुरु स्थित कनकपुरा के श्री श्री रवि शंकर आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में हिमाचल प्रदेश विधानसभा के माननीय अध्यक्ष आदरणीय श्री कुलदीप सिंह पठानिया जी ने विश्व शांति के अग्रदूत एवं आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रवि शंकर महाराज से आत्मीय भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री सतीश महाना जी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण एवं आध्यात्मिक वातावरण में सम्पन्न हुई, जहां देश और समाज के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बातचीत के दौरान हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक परंपराओं तथा युवाओं में नैतिक मूल्यों के संवर्धन जैसे विषय प्रमुख रूप से शामिल रहे। माननीय अध्यक्ष श्री कुलदीप सिंह पठानिया जी ने कहा कि अध्यात्म और संस्कृति भारतीय समाज की आत्मा हैं तथा वर्तमान समय में सामाजिक समरसता और विश्व





शांति के लिए आध्यात्मिक मूल्यों का प्रसार अत्यंत आवश्यक है। वहीं श्री श्री रवि शंकर महाराज ने मानवता, सेवा और सकारात्मक सोच को जीवन का आधार बताते हुए समाज में प्रेम, सद्भाव और शांति के संदेश को आगे बढ़ाने पर बल दिया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने देश में सामाजिक जागरूकता, सांस्कृतिक संरक्षण तथा आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करने की दिशा में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर भी अपने विचार व्यक्त किए। यह मुलाकात आध्यात्मिक संवाद और राष्ट्रीय एकता के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# कुल्लू की पार्वती घाटी में दिल्ली के युवक का शव बरामद

» प्रथम न्यूज । कुल्लू
15 मई ( ब्यूरो )



पार्वती घाटी की मलाणा स्थित वेचिंग वैली में घूमने आए दिल्ली के 24 वर्षीय पर्यटक का शव रिवर फ्रंट नाले से बरामद हुआ है। युवक पिछले दिनों से लापता था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी।

वीरवार सुबह गांव की एक महिला ने नाले में शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद मणिकर्ण पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। शव 24 वर्षीय की पहचान मोहित चौधरी पुत्र कमल सिंह निवासी सदर बाजार, दिल्ली कैंट के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार मोहित सात मई को अपने दोस्तों के साथ मलाणा घूमने आया था। 10 मई को सभी युवक वेचिंग वैली स्थित रिवर प्वाइंट कैफे में ठहरे हुए थे। इसी दौरान मोहित अपने साथियों से सामान लेने की बात कहकर वहां से निकला, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा।

दोस्तों ने पहले अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बाद में उसका मोबाइल फोन भी बंद मिला, जिसके बाद मामले की सूचना मणिकर्ण पुलिस को दी गई थी।

पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से क्षेत्र में तलाश अभियान चलाया। वीरवार को युवक का शव होटल से करीब 15 मिनट की दूरी पर रिवर फ्रंट नाले में मिला।

प्रारंभिक जांच में युवक के चेहरे, बाजुओं और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट के निशान पाए गए हैं। पुलिस का मानना है कि युवक की मौत गहरी खाई या नाले में गिरने के कारण हुई हो सकती है। हालांकि, मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू पहुंचाया है। मृतक के भाई सहित दिल्ली से तीन अन्य स्वजन कुल्लू पहुंच चुके हैं।

पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक कुल्लू मदन लाल कौशल ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। उन्होंने पर्यटकों से अपील की है कि यात्रा के दौरान अपने साथियों के संपर्क में रहें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें।



## विकास ठाकुर निर्विरोध वार्ड पंच बने

» प्रथम न्यूज । पट्टा मेहलोग
15 मई ( तारा )



विकास खंड पट्टा के तहत सूरजपुर पंचायत के वार्ड धौलर माजरी से विकास (विक्की) ठाकुर निर्विरोध वार्ड पंच निर्वाचित हुए।

# आईपीएल टिकटों के नाम पर साइबर ठगी का नया खेल

» प्रथम न्यूज । शिमला
15 मई ( बी.शर्मा )

आईपीएल मैचों का बढ़ता क्रेज अब साइबर ठगों के लिए नया हथियार बन गया है। इंटरनेट मीडिया पर सस्ते टिकट और विशेष ऑफर दिखाकर लोगों को फर्जी वेबसाइट पर ले जाकर टिकट बुकिंग के नाम पर बैंक खातों से रकम उड़ा ली जा रही है।

राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कुछ दिन में क्रिकेट टिकट बुकिंग से जुड़ी शिकायतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिसका असर हिमाचल




में भी देखने को मिल रहा है। साइबर अपराधी फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप पर आकर्षक विज्ञापन डालकर लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। पुलिस के अनुसार फर्जी स्क्रीनशाट और नकली रिव्यू दिखाकर लोगों का भरोसा जीता जाता है। साइबर ठग असली वेबसाइटों से मिलते–जुलते नाम और डिजाइन बनाते हैं, जिससे आम व्यक्ति आसानी से भ्रमित हो जाता है। कई मामलों में ठगी के बाद वेबसाइट और संपर्क नंबर दोनों गायब हो जाते हैं।

**ऐसे हो रही टिकट बुकिंग के नाम पर ठगी**

- इंटरनेट मीडिया पर सस्ते आईपीएल टिकट का विज्ञापन।
- लिंक पर क्लिक करते ही फर्जी वेबसाइट खुलती है।
- टिकट बुकिंग के नाम पर बैंकिंग डिटेल मांगी जाती है।
- भुगतान के बाद टिकट नहीं मिलता और पैसे निकल जाते हैं।

**साइबर ठगी से ऐसे बचें**

–केवल आधिकारिक वेबसाइट से ही टिकट बुक करें।
–यूआरएल और वेबसाइट का डोमेन जरूर जांचें।
–किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करें।
–ओटीपी और बैंकिंग जानकारी किसी से साझा न करें।
–अशोक तिवारी, डीजीपी का कहना है कि ठगी होने पर तुरंत 1930 व 112 पर शिकायत करें।
–टिकट बुकिंग, निवेश या किसी भी ऑनलाइन भुगतान के लिए केवल आधिकारिक वेबसाइट और भरोसेमंद ऐप का ही इस्तेमाल करें। किसी अनजान लिंक, इंटरनेट मीडिया विज्ञापन या संदिग्ध ऑफर पर क्लिक करने से बचें।

## आज शाम 3 बजे से चुनाव प्रचार और सार्वजनिक सभाओं पर रहेगा प्रतिबंध

**ज़िला दंडाधिकारी मुकेश रेपसवाल ने नगर निकाय चुनावों को लेकर जारी किए आदेश**

**निर्देशों की अवहेलना पर निर्धारित नियमों के अनुरूप होगी कार्रवाई**

» प्रथम न्यूज । चंबा
15 मई ( एएम नाथ )

ज़िला दंडाधिकारी मुकेश रेपसवाल ने नगर परिषद चंबा, नगर परिषद डलहौजी तथा नगर पंचायत चुवाड़ी में 17 मई 2026 को होने वाले नगर निकाय चुनावों के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के अंतर्गत आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश हिमाचल प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1994 के प्रावधानों के साथ पठित हैं ।

जारी आदेश में कहा गया है कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाने के लिए प्रभावी कानून एवं व्यवस्था तथा सार्वजनिक शांति एवं सौहार्द के लिए अनुकूल वातावरण बनाए रखना आवश्यक है। निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आवश्यक प्रतिबंधात्मक उपाय लागू किए गए हैं।

ज़िला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व अर्थात 15 मई 2026 को अपराह्न 3 बजे से लेकर 17 मई 2026 को मतदान प्रक्रिया समाप्त होने तक संबंधित क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के चुनाव प्रचार, सार्वजनिक सभा, जुलूस, मनोरंजन कार्यक्रम अथवा मतदाताओं को प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

आदेशों में मतदान दिवस पर किसी भी मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में प्रचार–प्रसार, मत मांगने अथवा चुनाव संबंधी गतिविधियों के संचालन पर भी रोक लगाई गई है। इसके अतिरिक्त मतदान केंद्रों के



आसपास लाउडस्पीकर, मेगाफोन अथवा नारेबाजी जैसी गतिविधियों को भी प्रतिबंधित किया गया है।

मतदान दिवस के दौरान विधि द्वारा अधिकृत व्यक्तियों को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को मतदान केंद्र अथवा उसके आसपास हथियार लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। निर्देश के उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

जारी आदेश में यह भी कहा गया है कि 15 मई 2026 को अपराह्न 3 बजे से 17 मई 2026 तक मतदान तथा परिणाम घोषित होने तक होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, शराब के ठेके अथवा किसी भी सार्वजनिक एवं निजी स्थान पर शराब, नशीला पेय या इसी प्रकार की अन्य नशीले मादक पदार्थों की बिक्री, वितरण एवं परोसने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

जारी आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि निर्देशों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध हिमाचल प्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1994 तथा भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## हिमाचल में 26, 28 और 30 मई को सवेतन अवकाश

**दैनिक वेतनभोगी कर्मियों को पीठासीन अधिकारी से मतदान करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य**

» प्रथम न्यूज । शिमला
15 मई ( एएम नाथ )

हिमाचल प्रदेश सरकार ने पंचायतीराज चुनाव के मद्देनजर 26, 28 और 30 मई को संबंधित क्षेत्रों में मतदान दिवस पर सवेतन अवकाश घोषित किया है। अधिसूचना के अनुसार 26 मई को प्रथम चरण, 28 मई को द्वितीय चरण और 30 मई को तृतीय चरण के मतदान वाले क्षेत्रों में सभी सरकारी कार्यालय, बोर्ड, निगम, शिक्षण संस्थान और औद्योगिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश औद्योगिक विवाद अधिनियम के अंतर्गत आने वाले संस्थानों के साथ–साथ संबंधित पंचायत क्षेत्रों की दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर भी लागू होगा।

दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट–1881 की धारा 25 के तहत सवेतन अवकाश का लाभ मिलेगा। इसके अलावा ऐसे कर्मचारी, जो राज्य में किसी अन्य स्थान पर कार्यरत हैं लेकिन उनका वोट संबंधित पंचायत क्षेत्र में है, उन्हें मतदान के लिए विशेष आकस्मिक अवकाश दिया जा सकेगा। इसके लिए संबंधित पीठासीन अधिकारी से मतदान करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

सरकार ने अतिरिक्त मुख्य सचिव, श्रम आयुक्त और उद्योग विभाग को निर्देश दिए हैं कि दुकानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और फैक्ट्रियों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए भी मतदान दिवस पर सवेतन अवकाश सुनिश्चित किया जाए। औद्योगिक श्रमिकों को अतिरिक्त सवेतन अवकाश देने के निर्देश जारी करने को भी कहा गया है।

**चुनाव ड्यूटी में जाने वाले कर्मचारी नहीं दे पाएंगे वोट : खाची**

राज्य निर्वाचन आयुक्त अनिल खाची ने बताया कि हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज संस्थाओं में जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगी है वह वोट नहीं दे सकेंगे। यह कर्मचारी वोट दें, इसको लेकर अधिकारियों के साथ बैठकें हुईं। लेकिन आयोग नतीजे तक नहीं पहुंच पाया है। पंचायत चुनाव में पहले से लेकर आज तक जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगी है, वह वोट नहीं दे पाएंगे। पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव में 1300 पोलिंग पार्टियां बनाई गई हैं। एक पार्टी में 6 कर्मचारी व अधिकारी शामिल है। पुलिस और होमगार्ड के जवान अलग से हैं।

# ट्रांसजेंडर अधिकारों को लेकर माया ठाकुर की आवाज

» प्रथम न्यूज । शिमला
15 मई ( बी.शर्मा )

**सीएम सुक्खू से मांगे बड़े कानूनी सुधार**

माया ठाकुर ने भारत में ट्रांसजेंडर समुदाय के सामने मौजूद चुनौतियों को लेकर चिंता जताते हुए सुखविंदर सिंह सुक्खू को पत्र लिखकर आपराधिक और श्रम कानूनों में व्यापक सुधार की मांग की है।

माया ठाकुर ,जिन्हें हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्शन कमीशन द्वारा सोलन जिले की 'ट्रांसजेंडर आइकन' बनाया गया है, ने कहा कि शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में ट्रांसजेंडर समुदाय आज भी भेदभाव का सामना कर रहा है।

उन्होंने हिमाचल सरकार की युवाओं को दुबई और सऊदी अरब में रोजगार उपलब्ध कराने की पहल की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर भारत में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए सम्मानजनक नौकरी या किराये पर घर मिलना भी बेहद मुश्किल है।

माया ठाकुर ने जर्मनी और नॉर्वे जैसे यूरोपीय देशों का उदाहरण देते हुए सुझाव दिया कि हिमाचल सरकार ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए यूरोपीय देशों के साथ विशेष रोजगार साझेदारी विकसित करे, ताकि उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक अवसर मिल सकें। सोलन जिले के कुनिहार क्षेत्र की रहने वाली माया ने कहा कि समुदाय के कई लोग शिक्षक, वकील और पुलिस अधिकारी बनना चाहते हैं, लेकिन आवेदन के बाद उन्हें अक्सर निराशा ही हाथ लगती है।

उन्होंने अपनी पहल Himachal Pradesh Systemic Reforms Initiative (HPSRI) के तहत श्रम कानूनों में बदलाव, सख्त ओवरटाइम नियम लागू करने और कर्मचारियों के शोषण को रोकने की मांग भी उठाई।

इसके अलावा उन्होंने भ्रष्टाचार के मामलों के त्वरित निपटारे, तकनीकी कौशल विकास के लिए यूरोपीय विशेषज्ञों की नियुक्ति तथा हिमाचली विद्यार्थियों को विदेशों में प्रशिक्षण देने जैसे सुझाव भी दिए। माया ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को अब पुरानी नीतियों से आगे बढ़कर बड़े और व्यावहारिक बदलावों की जरूरत है।

## संक्षिप्त न्यूज

### आधार कार्ड को निशुल्क अपडेट कराने की तारीख बढ़ाई 14 जून : विश्राम कुमार मीणा

**कुरुक्षेत्र 15 मई ( बृज मोहन )** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आधार कार्ड को निशुल्क अपडेट कराने की तारीख बढ़ाकर 14 जून कर दी गई है। यह मुफ्त सेवा केवल 'माय आधार पोर्टल' पर उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए नागरिकों को नाम, जन्म तिथि, रिहायशी प्रमाण पत्र या अन्य निर्धारित पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा। निर्धारित तिथि के बाद आधार अपडेट के लिए शुल्क देना होगा। ऑनलाइन अपडेट की सुविधा सिर्फ उन्हीं लोगों के लिए है, जिनका मोबाइल नंबर उनके आधार से लिंक है।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है और पुराने आधार कार्ड को अपडेट कराना जरूरी है। नागरिक खुद भी वेबसाइट पर जाकर इसे अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा किसी भी सीएससी व आधार सेंटर पर जाकर आधार कार्ड अपडेट कराया जा सकता है।

### स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा बाइक चोरी करने के मामले में 2 आरोपी काबू




**कैथल, 15 मई ( कृष्ण गर्ग )**- दुपहिया वाहन चोरों पर एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इसी कड़ी में स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार की अगुवाई में एचसी देवेंद्र सिंह की टीम द्वारा एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए आरोपी शिव कालोनी करनाल निवासी रजत व गांव कैलरम निवासी नरेश कुमार को गांव कैलरम से काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की कलायत निवासी अजय कुमार की शिकायत अनुसार 1 जुलाई 2023 को उसके घर के बाहर से अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गए। जिस बारे थाना कलायत में मामला दर्ज कर लिया गया। व्यापक पूछताछ दौरान दोनों आरोपियों के कब्जे से उक्त चोरीशुदा बाइक सहित कुल 9 बाइक बरामद की गई। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगें, जिनसे पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।

### चंडीगढ़ में 15 जून से शुरू होगी SIR प्रक्रिया, मतदाता सूची अपडेट करने की तैयारी तेज - सीईओ प्रेरणा पुरी

**चंडीगढ़, 15 मई ( पुनीत महाजन )**- यूटी चंडीगढ़ में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) प्रक्रिया को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO) प्रेरणा पुरी ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर में स्छ्रक्रप्रक्रिया 15 जून से शुरू की जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक, अपडेट और त्रुटिरहित बनाना है।

सीईओ प्रेरणा पुरी ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर निर्देश दिए कि चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता और गंभीरता से पूरी की जाए। उन्होंने बताया कि प्री-रिवीजन चरण में करीब 70 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पहले ही की जा चुकी है और बाकी कार्य को भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों (BLOs) के साथ नियमित समन्वय बनाए रखने, घर-घर सत्यापन करने और नए क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही महिलाओं, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों, प्रवासी परिवारों और दिव्यांग मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने पर विशेष जोर दिया गया।

प्रशासन की ओर से लोगों से अपील की गई है कि वे अपने वोटर विवरण की जांच करें और किसी भी सहायता के लिए वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 या ECINET मोबाइल ऐप का उपयोग करें।




## पंजाब और हरियाणा में भाजपा की बड़ी रणनीति

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को मिली नई जिम्मेदारी

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़

15 मई ( एएम नाथ )

बेहतर कार्य कर हरियाणा को मजबूत किला बनाने वाले हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अब पंजाब में कमल खिलाने के लिए अहम भूमिका निभाने वाले हैं।

पहले से वह पंजाब के लगातार दौरे कर रहे और वहां के लोगों की नब्ज समझने लगे हैं। यही वजह है कि अगले साल पंजाब में होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी को सक्रिय करने से पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने उन्हें शुक्रवार को नई दिल्ली बुलाकर करीब एक घंटे तक बात की।



बताते हैं कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने निकाय चुनाव में प्रचंड बहुमत से पार्टी को जिताने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह को बधाई देते हुए बातचीत आरंभ की। हरियाणा संगठन के शीर्ष पदों को लेकर भी दोनों की बीच चर्चा हुई।

**पंजाब में लगातार सक्रिय रहने वाले मुख्यमंत्री नायब सिंह से राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लिया फीड बैक**

यह चर्चा फिर से जोर पकड़ने लगी है कि शीर्ष स्तर पर पदों में बदलाव हो सकता है। दोनों में क्या बात हुई यह दोनों तक ही सीमित रही। पर छन कर जो बात सामने आई उसमें पंजाब चुनाव को लेकर तैयारी प्रमुख रही है। दोनों की यह मुलाकात एकाएक होनी और जल्द ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पंजाब का प्रस्तावित दौरा यह संकेत दे गया कि नायब को आगे कर पार्टी पंजाब में अपने पैर मजबूती से जमाने की कोशिश करने वाली है। इसी माह राष्ट्रीय अध्यक्ष पंजाब के दौरे पर जा सकते हैं। बंगाल जो स्थित दस साल पहले पार्टी की थी वैसे ही हाल पंजाब में हैं।

पर बंगाल जीत ने पंजाब में भी उन युवा पार्टी कार्यकर्ताओं को उत्साहित कर दिया जो पंजाब में भी कमल खिलाने के लिए उत्सुक हैं। पंजाब के दौरे कर मुख्यमंत्री नायब सिंह ने एक काडर भी तैयार कर लिया है।

वह सिख पग (पंजाबी पगड़ी) बांधकर पंजाब के साथ-साथ हरियाणा होने वाले आयोजन में पहुंचते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलने भी मुख्यमंत्री पीली रंग की पगड़ी बांधकर पहुंचे थे।

### खरीद एजेंसियों ने अब तक खरीदी 400551 मीट्रिक टन गेहूं : विश्राम कुमार मीणा


**कुरुक्षेत्र, 15 मई ( बृज मोहन )** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र के खरीद केन्द्रों व मंडियों में गेहूं की खरीद का कार्य खाद्य आपूर्ति, हैफेड तथा हरियाणा वेयर हाउस एजेंसी द्वारा शुरू कर दिया गया है। इन तीनों एजेंसियों ने 400551 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद का कार्य पूरा कर लिया है। इस सीजन में गेहूं का 2585 रुपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जा रहा है। अहम पहलू यह है कि जिले में 126738 एमटी गेहूं का उठान कार्य पूरा किया गया है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र में गेहूं की खरीद करने के लिए 25 खरीद केन्द्र व मंडिया स्थापित की गई है। इन मंडियों से खाद्य आपूर्ति, हैफेड, एफसीआई और हरियाणा वेयर हाउस कार्पोरेशन की तरफ गेहूं की खरीद का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खाद्य आपूर्ति विभाग की रिपोर्ट के अनुसार इस सीजन में खाद्य आपूर्ति एजेंसी द्वारा अमीन में 1758 एमटी, बाबैन मंडी में 20821 एमटी, भौर सैंदा में 3919 एमटी, गुमथला गढु में 18075 एमटी, इशाक में 3922 एमटी, इस्माइलाबाद मंडी में 34522 एमटी, झांसा मंडी में 7813 एमटी, कराह साहब में 7633 एमटी, थानेसर मंडी में 46502 एमटी, लाडवा मंडी से 40497 एमटी, नलवी में 740 एमटी, नीमवाला में 4261 एमटी, पिहोवा मंडी में 21828 एमटी, पिहोवा एक्सटेंशन मंडी में 7486 एमटी, पिपली मंडी से 10492 एमटी, शाहबाद से 21935 एमटी, थाना में 2837 एमटी, ठोल मंडी से 11802 एमटी गेहूं खरीद गया है।

उन्होंने कहा कि हैफेड द्वारा अजराना कला में 2657 एमटी, बोधनी मंडी में 3262 एमटी, चढुनी जाटान मंडी में 1766 एमटी गेहूं, इस्माईलाबाद मंडी से 21482 एमटी, झांसा मंडी में 1032 एमटी, किरमच में 1810 एमटी, थानेसर 29496, लाडवा मंडी में 8545 एमटी, लुखी में 3050 एमटी, मलिक पुर में 5505 एमटी, पिहोवा मंडी में 17216 एमटी गेहूं, पिहोवा एक्टेंशन मंडी में 7606 एमटी गेहूं, पिपली मंडी में 7986 एमटी गेहूं, शाहबाद मंडी में 13007 एमटी गेहूं खरीद कार्य पूरा किया गया है।

## हरियाणा में बनेगा हेल्थ वार रूम

### शिशु और गर्भवती महिलाओं की निगरानी होगी 24 घंटे

**चंडीगढ़ ( एएम नाथ )**- हरियाणा में विकसित भारत-2047 के तहत स्वास्थ्य सेवाओं की कार्य योजना को लेकर मंथन किया गया। प्रदेश में शिशु और गर्भवती महिलाओं की मृत्यु दर को रिकॉर्ड स्तर तक कम करने के लिए सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल रूम स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है। यह कंट्रोल रूम वार रूम की तर्ज पर 24 घंटे काम करेगा और पूरे प्रदेश में प्रतिदिन शिशुओं व गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की निगरानी करेगा, ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही या चूक को रोका जा सके। इसके लिए जल्द विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में यह भी तय किया गया कि सभी दवाओं की उपलब्धता का ऑनलाइन ब्योरा तैयार किया जाएगा। साथ ही वर्ष 2030 तक प्रदेश के प्रत्येक गांव और शहरी वार्ड को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्यों को हरियाणा निर्धारित समय से पहले हासिल करेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि कैंसर की जांच के लिए प्रत्येक जिले में मैमोग्राफी मशीनें स्थापित की जाएं।



इसके अलावा 70 नई एंबुलेंस खरीदने की मंजूरी पहले ही दी जा चुकी है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि भविष्य में निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की भी स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जाएगी। बच्चों को जरूरत के अनुसार दवाइयां उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। वहीं मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च विभाग को पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज संचालन की संभावनाएं तलाशने और अन्य राज्यों की योजनाओं का अध्ययन करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सफाई कर्मचारी यूनियन और कोऑर्डिनेशन कमेटी ने साझा संघर्ष का किया ऐलान

**कर्मचारियों की मांगों को लेकर अब संयुक्त आंदोलन करेंगे यूनियन संगठन, आउटसोर्स व डेलीवेज कर्मचारियों के अधिकारों पर बनी संयुक्त रणनीति**

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़

15 मई ( पुनीत महाजन )

एमओएच सफाई कर्मचारी यूनियन तथा कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ गवर्नमेंट एंड एमसी एम्पलाइज एंड वर्कर्स यूटी चंडीगढ़ की एक संयुक्त बैठक सेक्टर-17 में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन प्रधान मोनू बोहत ने की। बैठक में कर्मचारियों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कई अहम फैसले लिए गए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि भविष्य में दोनों संगठन कर्मचारियों की मांगों और अधिकारों को लेकर साझा संघर्ष करेंगे। प्रतिनिधियों ने कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए कानूनी लड़ाई भी लड़ी जाएगी। नेताओं ने स्पष्ट किया कि लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर अब संयुक्त रूप से आंदोलन तेज किया जाएगा।

बैठक में आउटसोर्स कर्मचारियों को समान काम के लिए समान वेतन देने तथा उन पर पेमेंट ऑफ बोनस एक्ट लागू




करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। इसके अलावा विभिन्न विभागों में नियमित भर्ती शुरू करने और नियमित भर्ती में आउटसोर्स तथा डेलीवेज कर्मचारियों को प्राथमिकता देने की मांग भी रखी गई। कर्मचारियों ने 13 मार्च 2015 की नीति में संशोधन कर लंबे समय से कार्यरत डेलीवेज कर्मचारियों को नियमित करने की मांग दोहराई।

इसके साथ ही डीसी रेट्स में मौजूद त्रुटियों को दूर करने, खाली पड़ी प्रमोशन की पोस्टों को जल्द भरने तथा आउटसोर्स कर्मचारियों की रिटायरमेंट आयु 65 वर्ष निर्धारित करने की मांग भी बैठक में उठाई गई। नेताओं ने पब्लिक हेल्थ एवं फायर विभाग से निकाले गए कर्मचारियों को दोबारा नौकरी पर रखने तथा मलेरिया विभाग से हटाए गए यूनियन प्रधान को बहाल करने की भी मांग की।

बैठक में कोऑर्डिनेशन कमेटी के महासचिव राकेश कुमार सहित जंगी बैनीवाल, राजिंदर कुमार, सुखराम चौहान, हरजीत सिंह, दीप चंद, निर्मल सिंह, सुभाष, विश्वनाथन, अमित कुमार, दलजीत सिंह, प्रेमपाल, दीपक धीमान, नरेश कुमार और अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पार्क अस्पताल, मोहाली रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बना : डॉ भानु प्रताप सिंह




» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़

15 मई ( जगमीत घुम्मन )

पार्क अस्पताल, मोहाली के डायरेक्टर-ऑर्थोपेडिक्स और रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट, डॉ भानु प्रताप सिंह और सीनियर कंसल्टेंट-ऑर्थोपेडिक्स, डॉ अनिल कपूर वशिष्ठ ने गुरुवार को यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए रोबोटिक नी रिसर्फेसिंग सर्जरी में हुई हालिया प्रगति पर प्रकाश डाला।

पार्क अस्पताल उत्तर भारत का दूसरा सबसे बड़ा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल नेटवर्क है, जिसमें 17 अस्पताल, 4160 बेड, 900 आईसीयू बेड, 15 कैथ लैब, 45 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर और 1200 से अधिक डॉक्टर हैं।

डॉ भानु प्रताप ने कहा, पार्क हॉस्पिटल, मोहाली में हमने 2500 से अधिक रोबोटिक नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की हैं। अपनी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, पार्क हॉस्पिटल, मोहाली और पार्क हॉस्पिटल, पंचकुला अपने सभी मरीजों को 30 जून तक मुफ्त रोबोटिक तकनीक उपलब्ध करा रहा है। इस पहल का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक उन्नत स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना है। उन्होंने यह भी बताया कि पार्क हॉस्पिटल मोहाली इस क्षेत्र का एकमात्र अस्पताल है जो रोबो सूट से लेस्स है, जिसमें रोबो-3डी, रोबो आई और रोबो आर्म शामिल हैं, जो अभूतपूर्व सटीकता, दक्षता और बेहतर उपचार परिणाम प्रदान करते हैं।

डॉ भानु ने यह भी बताया कि पहले नी रिप्लेसमेंट सर्जरी के पूरे इलाज के लिए मरीज को 3-4 सप्ताह अस्पताल में रहना पड़ता था। लेकिन रोबोटिक सर्जरी में हाल ही में हुई प्रगति से अब हम रोबोटिक नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी 12-15 मिनट में कर रहें हैं।

डॉ अनिल कपूर ने कहा कि भारत में इलाज के लिए लागत में भारी लाभ है। अमेरिका में हिप रिप्लेसमेंट की लागत लगभग 57,000 अमेरिकी डॉलर है, जबकि भारत में उसी तरह के इम्प्लांट के साथ इसकी लागत मात्र 7,000 अमेरिकी डॉलर है। ग्रुप सीईओ नार्थ -पार्क हॉस्पिटल्स, आशीष चड्ढा ने बताया कि पार्क हॉस्पिटल मोहाली अब ईसीएचएस, सीजीएचएस, ईएसआई, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश सरकारों और सभी प्रमुख टीपीए और कॉरपोरेट्स के साथ सूचीबद्ध है। पार्क हॉस्पिटल मोहाली में सभी प्रकार की रोबोटिक जॉइंट रिसर्फेसिंग सर्जरी और खेल चोटों की सर्जरी नियमित रूप से की जा रही हैं।

## प्रदेश की प्रगति के लिए महिलाओं का स्वस्थ होना जरूरी : शिखा

» प्रथम न्यूज । कुरुक्षेत्र

15 मई ( बृज मोहन )

जिला खेल विभाग की खो खो कोच शिखा ने कहा कि प्रदेश की प्रगति के लिए महिलाओं का स्वस्थ होना जरूरी है। इसलिए भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने की ज़रूरी है। प्रशिक्षक शिखा ने भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ़ रविवार को आयोजित साइक्लोथॉन कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले प्रशिक्षक शिखा, सेवानिवृत्त साई चीफ हॉकी कोच गुरविंद्र सिंह, सेवानिवृत्त डीएसओ यशवीर सिंह, हॉकी कोच नरेंद्र ठाकुर, समाजसेवी नरेश सैनी ने साइक्लोथॉन को हरी झंडी देकर रवाना किया। इस साइक्लोथॉन के प्रतिभागियों ने कई किलोमीटर साइकिल चलाई।

कोच शिखा ने कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण सोनीपत के क्षेत्रीय निदेशिका रीतू पतीक आदेशानुसार व सहायक निदेशक विजय मनचंदा के मार्गदर्शन में युवाओं को शामिल कर साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। इस साइक्लोथॉन का आयोजन करते हुए एक साल से ज़्यादा समय हो चुका है। इस लक्ष्य है कि लोगों को फिट रहने के प्रति जागरूक करना है।

उन्होंने कहा कि साई की तरफ़ से निकाली जा रहीं साइकलोथान में हर वर्ग के लोगों को शामिल किया गया है।

इस प्रकार के कार्यक्रमों से युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर सेवानिवृत्त हॉकी चीफ कोच गुरविंद्र सिंह, हॉकी कोच नरेंद्र ठाकुर, हॉकी कोच सोहन लाल, समाजसेवी विनोद गर्ग, वीरभान सिंह, नरेश सैनी, विक्रम आदि मौजूद थे।




## नशा रोकने के लिए मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर दें जानकारी : विश्राम कुमार मीणा

» प्रथम न्यूज । कुरुक्षेत्र

15 मई ( बृज मोहन )

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि 'नशा मुक्त भारत 2047' अभियान के तहत केंद्र सरकार द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग और नार्कोटिक्स तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अहम कदम उठाया गया है। इस दिशा में गृह मंत्रालय द्वारा नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन -1933 संचालित किया जा रहा है। यह हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे प्रतिदिन सक्रिय रहता है और नागरिकों को किसी भी समय नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों की जानकारी साझा करने की सुविधा दे रहा है। उन्होंने कहा



कि नशे से संबंधित सूचना देने वाले व्यक्तियों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी, जिससे लोग बिना किसी डर या संकोच के नशीली दवाओं के अवैध व्यापार से जुड़ी जानकारी साझा कर सकें। उन्होंने बताया कि यह पहल न केवल समाज में व्याप्त नशे की प्रवृत्ति को नियंत्रित करने में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि इससे युवाओं को भी इस बुराई से बचाने में बल मिलेगा। केंद्र सरकार का उद्देश्य वर्ष 2047 तक भारत को पूरी तरह से नशा मुक्त बनाना है और इस दिशा में जन-सहयोग को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यदि उन्हें किसी प्रकार की नशीली दवाओं के व्यापार, तस्करी की जानकारी हो, तो वे गृह मंत्रालय द्वारा नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन नंबर 1933 पर तुरंत सूचित करें।

## एंटी नारकोटिक सैल द्वारा 2 अलग अलग मामलों में 3 आरोपी काबू

» प्रथम न्यूज । कैथल

15 मई ( कृष्ण गर्ग )

पुलिस द्वारा एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशों की अनुपालना करते हुए युवा वर्ग को नशे की चपेट से बचाने के लिए अपराधियों पर निरंतर लगाम कसी जा रही है। जिसके अंतर्गत एंटी नारकोटिक सैल द्वारा 2 अलग अलग मामलों में 3 आरोपियों के कब्जे से 820 प्रतिबंधित नशीली गोलियां व 6.60 ग्राम हेरोइन बरामद बरामद कर ली गई।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एसआई बलराज सिंह की टीम को सांयकालीन गश्त दौरान एक जानकारी मिलने उपरांत ड्रग कन्ट्रोल ऑफिसर चेतन वर्मा, डॉ सचिन मान्डले, डॉ अजय कुमार व



डॉ हमिता की टीम ने जनकपुरी कालोनी कैथल में स्थित मेडिकल स्टोर भारत बॉयोकोम पर दबिश दी गई। जहां संदिग्ध जनकपुरी कालोनी कैथल निवासी राजबीर सिंह व गांव जखोली निवासी सुखदेव सिंह मेडिकल स्टोर पर उपस्थित मिले। जांच दौरान मेडिकल स्टोर से ड्रग कन्ट्रोल आफिसर चेतन वर्मा की टीम ने अल्प्राजोलम के 10 गोलियों के 46 पत्तों से 460 तथा क्लोर्डियाजेपॉक्साइड ट्राइफ्लुओपेराजिन के 10 गोलियों के 36 पत्तों से 360 गोलियां बरामद कर पूछताछ दौरान आरोपी टैबलेट रखने के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका। जो ड्रग कंट्रोल ऑफिसर द्वारा प्रतिबंधित नशीली गोलियां बताई गई। जिस बारे आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज करके मौके पर पहुंचे एएसआई रमेश कुमार द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

दुसरे मामले में एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई राजेश कुमार की टीम रात्रिकालीन गश्त दौरान चीका क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान पुलिस टीम को एक गुप्त सूचना मिली कि चीका निवासी विशाल कुमार आस पास क्षेत्र में नशीला पदार्थ हेरोइन बेचने का कार्य करता हैं जो अभी नशीला पदार्थ हेरोइन बेचने के लिए पेहोवा चीका रोड़ पर बेचने के लिए आने वाला हैं।

सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत रेडिंग पार्टी गठित कर पेहोवा चीका रोड़ पर छुपाव करते हुए चीका की तरफ से पैदल आए संदिग्ध चीका निवासी विशाल को काबु कर लिया गया। पुलिस सूचना उपरांत मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार बलराज के समक्ष नियमानुसार ली गई तलाशी दौरान आरोपी के कब्जे में प्लास्टिक पन्नी से 6.60 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। जिस बारे थाना चीका में मामला दर्ज करके आरोपी को एएसआई राजेश कुमार द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगें, जिनसे पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।

प्रथम न्यूज
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक



आज का

# संपादकीय

## पाकिस्तान सुधरने वाला नहीं



हाल में ऑपरेशन सिंदूर के एक वर्ष पूरे होने के समय सभी ने इसे स्मरण किया कि भारत ने किस तरह पाकिस्तान को धूल चटाई थी, लेकिन हमें यह भी याद रखना चाहिए कि पाकिस्तान की फितरत अभी बदली नहीं है। इसका प्रमाण है पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर का यह बयान कि यदि पाकिस्तान पर फिर हमला हुआ तो जवाब बेहद व्यापक, खतरनाक, दूरगामी और दर्दनाक होंगे। हम इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकते कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी नेटवर्क अब भी सक्रिय हैं।

उसकी कुख्यात खुफिया एजेंसी आईएसआई भारत विरोधी गतिविधियों में पहले की तरह ही लिप्त है और अमेरिकी समर्थन के कारण उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। यह मान लेना उचित नहीं होगा कि पाकिस्तान सुधरने वाला है। पिछले साल दिल्ली में लाल किले के निकट विस्फोट और सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल का सामने आना यही जाहिर करता है कि आतंक का खतरा बना हुआ है। पिछले कुछ समय में एनआईए और विभिन्न राज्यों की पुलिस द्वारा कई संदिग्ध आतंकियों की गिरफ्तारियां हुई हैं। ये हथियारों की व्यवस्था, लॉजिस्टिक्स प्रबंधन और आतंकी योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे।

सबसे अधिक चिंता का विषय आतंकवाद से जुड़े व्यक्तियों की बदलती प्रोफाइल है। कुछ आरोपी शिक्षित पेशेवर थे, जिनमें डाक्टर और तकनीकी रूप से दक्ष लोग भी थे। यह व्हाइट कॉलर टेररिज्म की बढ़ती पैठ को दर्शाता है, जहां सूचना प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और वित्तीय क्षमता का उपयोग आतंकी गतिविधियों में किया जा रहा है। ऐसे तत्वों की पहचान करना अधिक कठिन होता है, क्योंकि वे वैध संस्थागत ढांचों के भीतर रहकर बहुल लो प्रोफाइल होकर काम करते हैं। भारत में इस्लामिक स्टेट से जुड़े मॉड्यूल भी सक्रिय दिख रहे हैं। ऐसे स्लीपर सेल सामने आए हैं जो भर्ती, निगरानी और विस्फोटक प्रशिक्षण जैसी गतिविधियों में शामिल थे। विभिन्न राज्यों में हुई गिरफ्तारियां यह भी दर्शाती हैं कि ये अलग-थलग समूह नहीं, बल्कि व्यापक और परस्पर जुड़े नेटवर्क का हिस्सा हैं।

आज आतंकवाद तेजी से अपना स्वरूप बदल रहा है। यह अब केवल बंदूक और बम तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अधिक विकेंद्रीकृत, तकनीक-आधारित और पकड़ से बचने वाला स्वरूप ले चुका है। अवैध हथियार तस्करी भी गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। एके-47 जैसे हथियारों की बरामदगी ने सीमा पार से जुड़े संगठित सप्लाई नेटवर्क को उजागर किया है, जो बाहरी समर्थन और घरेलू नेटवर्कों के गठजोड़ को रेखांकित करता है। स्पष्ट है कि भर्ती, फंडिंग, लॉजिस्टिक्स और क्रियान्वयन का एक सुव्यवस्थित तंत्र सक्रिय है। यह बढ़ती हुई परिष्कृत रणनीति आतंकी ढांचे की बारीकियों में भी जाहिर हो रही है।

मार्च में दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन पर आईएसआई से जुड़े एक जासूसी षड्यंत्र का खुलासा हुआ था, जिसमें गुप्त रूप से लगाए गए सोलर पावर्ड सीसीटीवी कैमरों का उपयोग सैन्य गतिविधियों की रियल-टाइम फुटेज पाकिस्तानी हैंडलरों तक भेजी जा रही थी। यह दर्शाता है कि निगरानी गतिविधियां अब अधिक गुप्त और तकनीक आधारित होती जा रही हैं। ऐसे उपकरण सैन्य गतिविधियों का मानचित्रण, कमजोरियों की पहचान और भविष्य के हमलों में सहायता कर सकते हैं। चूंकि छोटी घटनाएं भी किसी बड़े षड्यंत्र का हिस्सा हो सकती हैं, इसलिए निरंतर सतर्कता अत्यंत आवश्यक है।

एक अन्य गंभीर चिंता वैध व्यावसायिक प्लेटफॉर्मों के दुरुपयोग की है, जिसे कभी-कभी कारपोरेट जिहाद के रूप में भी देखा जाता है। नासिक स्थित एक बीपीओ से जुड़े मामले ने यह दिखाया कि किस प्रकार व्यावसायिक संस्थानों का उपयोग नेटवर्क तैयार करने और आतंकी गतिविधियों को आड़ देने के लिए किया जा सकता है। यह दर्शाता है कि आतंकी रणनीतियां अब पारंपरिक तरीकों से कहीं आगे बढ़ चुकी हैं। डिजिटल कट्टरपंथ भी तेजी से बढ़ता खतरा बन चुका है। ऑनलाइन प्रचार, एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म और लक्षित संदेशों के माध्यम से युवाओं को प्रभावित और भर्ती किया जा रहा है। इससे आतंकवाद का खतरा अधिक व्यापक, अदृश्य और दीर्घकालिक बन गया है। पाकिस्तान की ओर से खालिस्तान जैसे पुराने मुद्दे को पुनर्जीवित कर भारत में माहौल बिगाड़ने के प्रयास जारी हैं। चंडीगढ़ में भाजपा कार्यालय के पास विस्फोट, जालंधर में बीएसएफ मुख्यालय के बाहर धमाका तथा आईएसआई समर्थित मॉड्यूलों का पर्दाफाश इसी प्रवृत्ति को दर्शाते हैं। इन गतिविधियों को डिजिटल प्रचार अभियानों के माध्यम से सामाजिक विभाजन गहरा करने और जनमत प्रभावित करने का हिस्सा भी समझा जा रहा है। ऐसे में भारत किसी भी प्रकार की आत्मसंतुष्टि का जोखिम नहीं उठा सकता। आपरेशन सिंदूर की सफलता को एक मजबूत और आधुनिक आंतरिक सुरक्षा ढांचे का समर्थन मिलना आवश्यक है। विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय, रियल-टाइम खुफिया सूचनाओं को साझा करना और उन्नत तकनीक का उपयोग समय रहते खतरे की पहचान के लिए बेहद जरूरी है। इस क्रम में प्रहार जैसे त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित कर सकते हैं। इसके साथ-साथ कट्टरपंथ के मूल कारणों पर भी प्रभावी ढंग से काम करना होगा। युवाओं को उग्रवाद और भ्रामक सूचनाओं के प्रति जागरूक बनाना रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। विद्यालय स्तर पर आंतरिक सुरक्षा से जुड़ी बुनियादी समझ विकसित करना समाज को अधिक सजग और जिम्मेदार बना सकता है। सामाजिक समरसता और समावेशी विकास को बढ़ावा देना भी उतना ही आवश्यक है, क्योंकि अलगाव और असंतोष का लाभ अक्सर आतंकी संगठन उठाते हैं। आतंक के विरुद्ध यह संघर्ष केवल भौतिक नहीं, बल्कि वैचारिक भी है, जिसके लिए प्रभावी प्रतिपक्षी नैरेटिव की आवश्यकता है। भारत के सामने चुनौती केवल आतंकी हमलों का जवाब देने की नहीं, बल्कि उन्हें पहले से भांपकर विफल करने की भी है। हाइब्रिड आतंकवाद के इस दौर में, जहां बाहरी और आंतरिक खतरे तेजी से एक-दूसरे से जुड़ते जा रहे हैं, निरंतर सतर्कता, तैयारी और रणनीतिक दृढ़ता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है।

# घर का जोगी जोगड़ा बाहर का जोगी सिद्ध ?

एक कहावत की घर का जोगड़ा बाहर का जोगी सिद्ध आज पूरी तरह चरितार्थ हो रही है। मगर मानव को एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए कि मुसीबत में अपने ही काम आते है बाहर के तमाशा देखते हैं। आज अपनों को नीचे गिराया जाता है और बाहर के लोगों को उपर उठाया जाता है भेदभाव किया जाता है प्रतिभा को दबाया जाता है और चंद स्वार्थों के लिए बाहर के लोगों को फायदा पहुंचाया जाता है ।आज कितने ही प्रतिभावान लोग है जिन्हे दरकिनार करके अयोग्य लोगों को मौका दिया जाता है ।अनुभवहीन लोग आज इतने बड़े बन जाते है कि दूसरों को पाठ पढ़ाने लगते है कि कौन काम सही है और कौन गलत मगर सच्चाई सौ परदे फाड़ कर बाहर आती है तब ऐसे लोग खाक में मिल जाते है यह वक्त का कैसा तकाजा है कि आज सच्चे व इरादों के पक्के लोगों को मुख्यधारा से बाहर किया जा रहा हैं । मगर वक्त एक ऐसा तराजू है जिसके एक पलड़े में जिन्दगी और दूसरे पलड़े में मौत होती है जीवन और मृत्यु में सिर्फ सांसों का फासला है ।जब इन्सान जिन्दा होता है तो कोई उसका हाल तक नहीं पूछता लेकिन जब संसार से रुखस्त हो जाता है तो हर आदमी मातम में शामिल होने में अपनी शान समझतें है। जिन्होने जब जिन्दा था तो बात तक नहीं की होंगी। जब जीता है तो एक जोड़ी कपड़ा तक नसीब नहीं होता मगर जब उसके किसी काम का नहीं होता उसके मृत शरीर पर सैंकड़ों चादरें डाली जाती है ।जीते जी जिसे घी नहीं मिलता जलाती बार मुहं में शुद्व देशी घी की आहुती दी जाती है जो व्यर्थ है ।कहने का तात्पर्य यह है कि मानव की जीते जी सहायता कि जाए तो वही सच्ची मानवता कहलाएगी ।आज लोगों के पास समय नहीं है इतना व्यस्त है कि रोटी खाने के लिये समय नहीं है। हर समय पैसा ही पैसा कमाने मे व्यस्त रहता है ।अनैतिक तरीकों से धन कमा रहा है मगर मानव को यह पता है कि दुनिया में नंगा आया था नंगा ही जाएगा तो यह धन-दौलत का लालच क्यों कर रहा है। गलत काम करके पैसा अर्जित करके आलिशान महल बना रहा है मगर पल की खबर नहीं है ।मानव को एक दूसरे के सुख दुख में शामिल होना चाहिए। आज कुछ तथाकथित अमीर बने लोग कारों में बैठकर ऐसे बन जाते है कि धरती पर चल रहे मानव को कीड़े-मकोड़े समझते है आज कारे तों छोटे से छोटे लोगों ने रखी है कार में बैठकर कोई बड़ा नहीं बन सकता समाज के लिए निस्वार्थ भाव से काम करने वाले के आगे कारों की चमक फीकी पड़ जाती है। यह लोग कार, कोठी और पैसे को ही जीवन का ध्येय मान बैठे हैं ।महगें कपड़े पहन कर कोई आदमी बड़ा नहीं है बल्कि उसके गुणों के कारण ही पहचान होती है ।कुछ लोग आत्मकेन्द्रित होते हैं बस अपना काम हो जाए दुनिया भाड़ में जाए ।समाज में ऐसे लोग घातक होते है ।आज भूखी जुएं अपनी औकात भूलकर



**नरेन्द्र भारती**
वरिष्ठ पत्रकार

ऐसे इतराती है कि जैसे खानदानी रईस हो पर वक्त के पास हर आदमी का लेखा-जोखा है कि कौन रईस था और कौन दाने-दाने को मोहताज था। किसी को छोटा नहीं समझना चाहिए हर आदमी से समानता का व्यवहार करना चाहिए ।कभी भी भेदभाव नहीं करना चाहिए ।वक्त बदलते देर नहीं लगती भाग्य किसी को भी अर्श पर ले जाता है और किसी को फर्श पर ले जाता है इसलिए मानव को मर्यादा में रहकर ही हर काम करना चाहिए ।आदमी को किसी के साथ भी धोखा नहीं करना चाहिए ।किसी के साथ विश्वासघात नहीं करना चाहिए ।क्योंकि एक बार विश्वास टूट जाता तो फिर से कायम कर पाना मुश्किल हो जाता है ।ऐसे मानव का जीवन व्यर्थ है जो दूसरों को दुख देता है ।गरीब आदमी को कभी नहीं सताना चाहिए अगर गरीब की बददुआ लग जाए तो बड़े से बड़ा धराशायी हो जाता है इसलिए हर मानव को हमेशा मानव के लिए अच्छे कार्य करने चाहिए ।मानव को ऐसे काम करने चाहिए कि मरने के बाद भी उसे सदियों तक एक अच्छे इन्सान के रुप में हमेशा याद किया जा सके। भूखे को रोटी और प्यासे को पानी पिलाना चाहिए ।आज का मानव पैसों से बैंक के खातों को तो भर रहा है मगर उपर का खाता खाली है इसलिए प्रत्येक साधन-संपन्न मानव को लाचार व गरीब लोगों को दान पुण्य करना चाहिए।

मानव को एकजुट होकर हर मानव का काम करना चाहिए, कहते है कि एकता में बड़ा बल होता है ।प्रत्येक मानव को पता है कि एक दिन सबको मौत आनी है तो फिर मानव क्यों नहीं समझ रहा है ।मानव जब कोई चीज बनाता है तो वह उसकी गांरटी तय करता है मगर उसकी अपनी कोई गांरटी नहीं है कि कब प्राण निकल जाएं ।रात दिन अवैध तरीकों से जायदाद जोड़ रहा है मगर किसके लिए आज तक कोई उठा कर नहीं लेकर गया तो फिर यह मोह माया क्यों है ।मानव को नीच कर्मो को छोड़ देना चाहिए अच्छे कर्म करने चाहिए ।मानव जीवन एक बार ही मिलता है बार-बार नहीं मिलता।

बेशक स्वाभिमानी अभाव में रहता है पर वह किसी के प्रभाव में नहीं रहता है अपने स्वभाव में रहता है ।अपने स्वाभिमान को बरकरार रखो। जीहजूरी करने वाला सिर झुकाकर ही चल सकता है। थर्ड श्रेणी में मुशिकल से पास हुए लोग आज उपदेश देते है कि हमने मेहनत की है मगर सच्चाई सौ परदे फाड़कर बाहर आती है ।समय आने पर धराशायी जरुर होगें। नकल व रिश्वत के बल पर सफलता हासिल करने वाले एक दिन बेनकाब होगें नकली पंख कब तक उड़ान देगें ।गीदड़ को अगर शेर की खाल पहना दी जाए तो वह शेर नहीं बन जाता ।जीहजूरी करने वालों को बंदरों की तरह ही नचाया जाएगा ।मदारी उसे अपने हिसाब से नचाएगें ।तिगड़म व जीहजूरी के बलबूते सफलता हासिल कर चुके कुछ लोग आज भले ही उंचे ओहदों पर पहुंचे है मगर यह लोग इनके काबिल नहीं है ।तिगड़म व तलवे चाटकर सफलता हासिल करना आसान है मगर उसे बनाए रखना कठिन है ।प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती ।जीहजूरी से सफलता हासिल करने वाले गुलामी में ही जीएंगें ।एक मेहनती व स्वाभिमानी सिर उठाकर ही चलेगा। व औंधे मुंह गिरेगें।

# सोमनाथ मंदिर भारत की आत्मा आस्था और गौरव का प्रतीक

**सोमनाथ मंदिर महज एक ढांचा नहीं, बल्कि करोड़ों हिन्दुओं के लिए आस्था का केंद्र है। इसससे हिन्दू स्वाभिमान और भारतीय सभ्यता-संस्कृति जुड़ी है।**

## सोमनाथ मंदिर के खंडन और जीर्णोद्धार की विस्तृत जानकारी

गुजरात के प्रभास पाटन में स्थित सोमनाथ मंदिर भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों में पहला ज्योतिर्लिंग है। भगवान शिव का यह प्रसिद्ध मंदिर भारत की आत्मा, आस्था और गौरव का एहसास कराता है। यह मंदिर सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं है, बल्कि हजारों साल पुरानी भारतीय सभ्यता, विश्वास और संघर्ष की कहानी भी कहता है। महमूद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर की समृद्धता से प्रभावित होकर इस पर 17 बार हमला कर इसकी संपत्ति लूटी। महमूद गजनवी ने 1024 ई. में सोमनाथ मंदिर आक्रमण किया और इसके 56 खंभों में जड़े सोना-चांदी, हीरे-मोती तथा बहुमूल्य रत्नों को लूटकर ले गया। इसके बाद उसने मंदिर को नष्ट-भ्रष्ट कर आसपास आग लगा दी थी। अलाउद्दीन खिलजी, मुजफ्फरशाह, अहमदशाह, औरंगजेब से लेकर नादिरशाह जैसे मुस्लिम आक्रांताओं ने भी कई बार इस मंदिर को लूटा और तहस-नहस किया।

मंदिर का बार-बार खंडन और जीर्णोद्धार होता रहा पर शिवलिंग यथावत रहा। लेकिन सन 1026 में महमूद गजनी ने जो शिवलिंग खंडित किया, वह यही आदि शिवलिंग था। 1143 से 1172 के बीच शासन करने वाले राजा कुमारपाल ने 1169 के एक अभिलेख के अनुसार सोमनाथ मंदिर का उत्कृष्ट पत्थरों से पुनर्निर्माण कराया और इसे रत्नों से अलंकृत किया। उन्होंने पुराने और जर्जर लकड़ी के मंदिर के स्थान पर एक भव्य पत्थर का मंदिर बनवाया, जो आस्था और पुनर्जागरण का प्रतीक बना। गजनवी के हमले के बाद गुजरात के राजा भीम और मालवा के राजा भोज ने सोमनाथ मंदिर का निर्माण कराया। इसके बाद 1297 में दिल्ली सल्तनत ने गुजरात पर कब्जा किया और फिर मंदिर को गिरा दिया। 1706 में मुगल बादशाह औरंगजेब ने फिर मंदिर को गिरा दिया। सोमनाथ मंदिर हिंदुओं की आस्था का सबसे बड़ा केंद्र माना जाता है। माना जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने भी इस मंदिर को द्वापर युग में बनाया था। इस मंदिर का सातवीं बार कैलाश महामेरू प्रासाद शैली में निर्माण कराया गया था। हजारों साल पुरानी कथा से सोमनाथ मंदिर को जोड़ा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, चंद्रदेव ने दक्ष प्रजापति की 27 कन्या से शादी की थी, लेकिन वह रोहिणी नामक पत्नी से सबसे ज्यादा प्यार करते थे और अन्य पत्नियों के साथ भेदभाव रखते थे। इससे क्रोधित होकर दक्ष प्रजापति ने चंद्रदेव को श्राप दिया था कि तुम्हें अपनी खूबसूरती पर बहुत घमंड है, तुम्हारी चमक धूमिल हो जाएगी। इससे चंद्र का तेज कम होने लगा। इसके बाद ब्रह्माजी ने चंद्रदेव को भगवान शिव की आराधना करने की सलाह दी। इसके बाद चंद्रदेव ने प्रभास क्षेत्र (अब सोमनाथ) में भगवान शिव की घोर तपस्या की और शिवलिंग की स्थापना की। चंद्रदेव की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने चंद्रदेव को दर्शन दिए और उनके श्राप मुक्त किया। चंद्रदेव ने भगवान शिव से ज्योतिर्लिंग के रूप में वास करने की प्राथना की और यह सोमनाथ के नाम से प्रसिद्ध हुआ। इस मंदिर को सोमेश्वर महादेव भी कहा जाता है। मशहूर इतिहासकार जकरिया अल काजविनी ने लिखा-

सोमनाथ की मूर्ति (शिवलिंग) मंदिर के बीचों-बीच रखी थी। चंद्र ग्रहण के वक्त यहां लाखों की संख्या में हिंदू तीर्थयात्री आया करते थे। यह बेहद समृद्ध और संपन्न मंदिर था। जहां शताब्दियों से खजाना जमा था। हर दिन मंदिर से 1200 किलोमीटर दूर से गंगाजल लाया जाता था, जिससे सोमनाथ का जलाभिषेक किया जाता था। सोमनाथ मंदिर के मूल मंदिर स्थल पर मंदिर ट्रस्ट द्वारा निर्मित नवीन मंदिर स्थापित है। इसके बाद भारत सरकार के पुरातत्व विभाग ने उत्खनन द्वारा प्राप्त ब्रह्मशिला पर शिव का ज्योतिर्लिंग स्थापित किया है। सौराष्ट्र के पूर्व राजा दिग्विजय सिंह ने 8 मई 1950 को मंदिर की आधार शिला रखी तथा 11 मई 1951 को भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने मंदिर में ज्योतिर्लिंग स्थापित किया। आधुनिक सोमनाथ मंदिर वास्तुकला- सोमनाथ मंदिर की आधुनिक वास्तुकला अद्भुत है। यह समकालीन कला और प्राचीन ज्ञान का एक उत्तम संगम है। यह चालुक्य शैली / सोलंकी शैली का अनुसरण करती है। यह शैली 10वीं से 13वीं शताब्दी के बीच पश्चिमी भारत में काफी लोकप्रिय थी।



### वर्तमान सोमनाथ मंदिर में निम्नलिखित विशेषताएं हैं-

शिखर (मुख्य मीनार) - 155 फीट पर।

गर्भगृह (पवित्र स्थान) - इसमें सोमनाथ ज्योतिर्लिंग है, जो भगवान शिव की शाश्वत उपस्थिति का प्रतीक है।

कलश (शिखर) - यह सोने से ढका हुआ है और इसका वजन लगभग 10 टन है।

मंडपम (सभा भवन) - यह श्रद्धालुओं के लिए एक विशाल हॉल है। इसमें सावधानीपूर्वक नक्काशी किए गए स्तंभ और वैदिक ग्रंथों से प्रेरित पारंपरिक रूपांकन हैं। मंदिर की पूरी संरचना लाल बलुआ पत्थर से बनी है।

### सोमनाथ मंदिर में कई त्यौहार मनाए जाते हैं। इनमें से कुछ त्यौहारों का विवरण इस प्रकार है-

**महाशिवरात्रि :* इस त्यौहार के दौरान, भक्त भगवान शिव और देवी पार्वती के दिव्य विवाह का उत्सव मनाते हैं । यह फाल्गुन (फरवरी-मार्च) माह के कृष्ण पक्ष की चौदहवीं रात को मनाया जाता है। लोग उपवास रखते हैं और रात भर जागरण करते हैं। वे दूध, शहद और घी से रुद्राभिषेकम (शिवलिंग का स्नान) करते हैं। इसके अलावा, भजन भी आयोजित किए जाते हैं।

***कार्तिक पूर्णिमा :** कार्तिक माह (अक्टूबर-नवंबर) में मनाई जाती है। लोग यहां भगवान शिव का जन्मदिन मनाते हैं। वे त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करते हैं। यहां तीन नदियां (हिरण, कपिला और सरस्वती) मिलती हैं।

***श्रावण माह के उत्सव :** भक्त श्रावण माह (जुलाई-अगस्त) के पूरे महीने भगवान शिव की पूजा करते हैं। वे अभिषेक और विशेष उपासना करते हैं। कांवड़िया (भक्त) नदियों से पवित्र जल लाकर ज्योतिर्लिंग पर अर्पित करते हैं।

***सोमवती अमावस्या :** यह सोमवार को पड़ने वाली अमावस्या का दिन है। हिंदू इस दिन को भगवान शिव की पूजा के लिए अत्यंत पवित्र मानते हैं। वे त्रिवेणी संगम में स्नान करते हैं।

***दिवाली और अन्नकूट :** दिवाली के एक दिन बाद, भक्त भगवान को सैकड़ों खाद्य पदार्थ अर्पित करते हैं। वे मंदिर को दीपों और रोशनी से जगमगाते हैं और भव्य अन्नकूट ( गोवर्धन पूजा ) आरती देखते हैं। प्रसाद भक्तों में वितरित किया जाता है।

***नवरात्रि और दशहरा :** नवरात्रि की नौ रातों (सितंबर-अक्टूबर) के दौरान, बड़ी संख्या में लोग श्री सोमनाथ मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं। वे मंदिर परिसर के पास गरबा और डांडिया नृत्य का आयोजन करते हैं और भक्ति गीत गाते हैं।

मंदिर के दक्षिण में समुद्र के किनारे एक स्तंभ है। उसके ऊपर एक तीर रखकर संकेत किया गया है कि सोमनाथ मंदिर और दक्षिण ध्रुव के बीच में पृथ्वी का कोई भूभाग नहीं है।

**निष्कर्ष :** सोमनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर का समृद्ध इतिहास, विरासत, महत्व और प्रासंगिकता है। यह दिव्य शक्ति और धार्मिक दृढ़ता का प्रतीक है। समुद्र की लहरों के साथ सांस लेता, समय की मार सहकर भी अडिग खड़ा सोमनाथ मंदिर आज भी आस्था का वह शाश्वत केंद्र है, जहां विनाश पराजित हुआ और विश्वास विजयी रहा। यह मंदिर केवल एक संरचना नहीं, बल्कि हजारों वर्षों के संघर्ष, स्वाभिमान और पुनर्जन्म की जीवित कथा है।



**शशि पाल**
प्रवक्ता इतिहास

# मंदिर ही है भोजशाला

**मध्य प्रदेश के धार में भोजशाला मंदिर-कमाल मौला मस्जिद मामले में इंदौर हाई कोर्ट के इस निर्णय पर आश्चर्य नहीं कि भोजशाला परिसर एक हिंदू मंदिर ही था। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग यानी एएसआइ के उस आदेश को रद कर दिया, जिसमें निर्देशित किया गया था कि भोजशाला परिसर में शुक्रवार को नमाज पढ़ी जाएगी और मंगलवार को पूजा होगी।**

हाई कोर्ट ने मुस्लिम समाज से सरकार से मस्जिद के लिए अलग से जमीन की मांग करने को कहा है। यह फैसला अयोध्या मामले में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले का स्मरण कराने वाला है। इंदौर हाई कोर्ट के फैसले पर इसलिए किसी को चकित नहीं होना चाहिए, क्योंकि यह किसी से छिपा नहीं कि परमार राजवंश के राजा भोज के वंशजों ने भोजशाला परिसर में मां वाग्देवी यानी देवी सरस्वती के मंदिर का निर्माण कराया था। एक समय यह संस्कृत शिक्षण का बड़ा केंद्र था।

इस धार्मिक स्थल के मंदिर होने के साक्ष्य कथित कमाल मौला मस्जिद की दीवारों पर उससे भी स्पष्ट रूप से अंकित थे, जैसे अयोध्या में मिले थे। इस विवादित स्थल को लेकर इंदौर हाई कोर्ट इसलिए अपना फैसला दे सका, क्योंकि यह स्थल 1958 के अधिनियम के तहत एक एएसआइ संरक्षित स्मारक है। यदि ऐसा नहीं होता तो 1991 में पारित धार्मिक स्थल अधिनियम के चलते इस स्थान की यथास्थिति कायम रहती। दुर्भाग्य से इस भेदभावपूर्ण अधिनियम के चलते धार जैसे अन्य मामलों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है और इसके चलते समय-समय पर विवाद उभरते रहते हैं, जो सांप्रदायिक सद्भाव पर बुरा असर डालते हैं।

यह अच्छा है कि धार मामले में हाई कोर्ट की ओर से फैसला आने के कारण किसी तरह का सांप्रदायिक विग्रह देखने को नहीं मिला, लेकिन इतना तो है ही कि इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। इस प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट का फैसला जो भी हो, इसकी अनदेखी न की जाए कि इस तरह के न जाने कितने मामले हैं। उनके निस्तारण में जो धार्मिक स्थल अधिनियम बाधक है, उसे भी चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट के लिए उचित यह होगा कि वह इस अधिनियम के खिलाफ दायर याचिकाओं का निपटारा शीघ्र करे।

इसी के साथ यह भी उचित होगा कि विवादित धार्मिक स्थलों को संबंधित पक्ष अर्थात हिंदू और मुस्लिम आपसी सहमति से सुलझाएं। इससे उनमें सद्भाव बढ़ेगा। यह तभी संभव हो पाएगा, जब मुस्लिम पक्ष इस यथार्थ को स्वीकार करेगा कि गजनवी, गोरी, खिलजी, बाबर, औरंगजेब जैसे आक्रांताओं ने सैकड़ों मंदिरों का ध्वंस ही नहीं किया, बल्कि उनके ही अवशेषों से ही वहां मस्जिदें बनवाईं। ऐसा केवल अयोध्या और धार में ही नहीं किया गया, बल्कि वाराणसी, मथुरा, संभल, जौनपुर समेत न जाने कितने स्थानों पर किया गया।



**इंदौर हाई कोर्ट ने धार की भोजशाला को हिंदू मंदिर घोषित करते हुए एएसआई के उस आदेश को रद्द कर दिया जिसमें शुक्रवार को नमाज और मंगलवार को पूजा की अनुमति थी। कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष से मस्जिद के लिए अलग जमीन मांगने को कहा, और यह फैसला अयोध्या मामले की याद दिलाता है।**

प्रथम न्यूज
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक





# चारों नगर निगमों में खिलेगा कमल, कांग्रेस सरकार के खिलाफ है जनता में आक्रोश : जयराम ठाकुर

## नगर निगम चुनाव प्रचार के आखिरी दिन मंडी में शक्ति प्रदर्शन कर सभी 14 पार्षदों के साथ निकाला रोड शो, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष ने किया मंडी, पालमपुर, धर्मशाला और सोलन में जीत का दावा

» प्रथम न्यूज । चंबा
15 मई ( एएम नाथ )

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नगर निगम चुनावों के प्रचार के अंतिम दिन मंडी के सभी 14 वार्डों में भव्य रोड शो और चौहट्टा बाजार में विशाल जनसभा के माध्यम से कांग्रेस सरकार के विरुद्ध शंखनाद करते हुए दावा किया है कि प्रदेश की चारों नगर निगमों मंडी, पालमपुर, धर्मशाला और सोलन में भारतीय जनता पार्टी भारी बहुमत के साथ ऐतिहासिक जीत दर्ज करने जा रही है। जनसभा को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि वर्तमान सुक्खू सरकार की जनविरोधी नीतियों और झूठी गारंटियों से हिमाचल की जनता का मोहभंग हो चुका है और आज प्रदेश का हर वर्ग इस सरकार की कार्यप्रणाली से त्रस्त होकर इसे सत्ता से उखाड़ फेंकने का मन बना चुका है। यह नगर निगम चुनाव महज स्थानीय चुनाव नहीं बल्कि प्रदेश में कांग्रेस की विदाई की पटकथा लिखने वाले साबित होंगे।

उन्होंने कहा कि मैं चारों जगह प्रचार करके आया हूँ और निश्चित रूप से कह सकता हूँ कि चारों जगह कमल खिलेगा और इस सरकार के विदाई की शहनाई बज उठेगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर आदर्श चुनाव आचार संहिता के





सरेआम उल्लंघन का गंभीर आरोप लगाते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि हार के डर से बौखलाई कांग्रेस अब प्रलोभन की राजनीति पर उतर आई है, जिसका प्रमाण मुख्यमंत्री द्वारा चुनावी सभाओं में खुलेआम यह कहना है कि कांग्रेस पार्षदों को जिताने पर वार्डों को 50 लाख से एक करोड़ रुपये का बजट दिया जाएगा। उन्होंने इस बयान को लोकतंत्र की मर्यादा का अपमान और मतदाताओं को खरीदने का एक असफल प्रयास करार देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का यह कृत्य चुनाव आयोग की निष्पक्षता को चुनौती दे रहा है, जिसके विरुद्ध भारतीय जनता पार्टी औपचारिक रूप से शिकायत दर्ज करवाकर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग कर रही है। ठाकुर ने मंडी में उमड़े जनसैलाब को भाजपा की विजय का अग्रिम संकेत बताते हुए कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे मतदान के दिन तक पूरी ऊर्जा के साथ डटे रहें क्योंकि जनता अब कांग्रेस के कुशासन और संवैधानिक संस्थाओं के अपमान का बदला लेने के लिए पूरी तरह तैयार है और आगामी मतगणना के दिन पालमपुर से लेकर सोलन तक कांग्रेस का पूरी तरह सूपड़ा साफ होना तय है। इस अवसर पर उनके साथ विधायक अनिल शर्मा, इंद्र सिंह गांधी, पूर्ण चंद, पूर्व मेयर वीरेंद्र भट्ट, भाजपा महामंत्री पायल वैद्य और जिलाध्यक्ष निहाल चंद भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त न्यूज

### मतदान दिवस पर रहेगा सवेतन अवकाश- उपायुक्त मुकेश रेपसवाल

**चंबा ( एएम नाथ )**– पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के दृष्टिगत मतदान वाले दिन 26 मई (प्रथम चरण), 28 मई (द्वितीय चरण) तथा 30 मई (तृतीय चरण) को राज्य सरकार द्वारा सवेतन अवकाश घोषित किया गया है। उपायुक्त एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) मुकेश रेपसवाल ने जानकारी



देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार इन तिथियों पर सभी सरकारी कार्यालय, बोर्ड, निगम, शैक्षणिक संस्थान तथा औद्योगिक विवाद अधिनियम के अंतर्गत आने वाले औद्योगिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे।

साथ में उन्होंने यह भी बताया कि मतदान वाले दिन संबंधित पंचायत क्षेत्रों में स्थित दुकानें एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठान भी बंद रहेंगे। यह दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए भी सवेतन अवकाश होगा तथा नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट 1881 की धारा 25 के अंतर्गत भी मान्य होगा।

उन्होंने बताया कि राज्य के विभिन्न स्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को संबंधित पीठासीन अधिकारी द्वारा जारी मतदान प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर विशेष आकस्मिक अवकाश की सुविधा प्रदान की जाएगी।

### गोविंद सागर झील में डूबने से सरकाघाट के युवक की मृत्यु

**बंगाणा, ( जोगिंद्र देव आर्य )**– उपमंडल बंगाणा के तहत गोविंद सागर झील में डूबने से सरकाघाट के एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गगनदीप (32) पुत्र रोशन लाल निवासी गांव गहर, डाकघर घर, तहसील सरकाघाट जिला मंडी के रूप में हुई है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है।

जानकारी के अनुसार गोविंद सागर झील के गरीब नाथ मंदिर के समीप एक मोटरसाइकिल लावारिस हालत में खड़ी मिली थी। बाइक पर सरकाघाट का नंबर अंकित होने के चलते पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। आसपास तलाश करने पर झील में युवक के डूबने की आशंका जताई गई, जिसके बाद पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से सर्च अभियान चलाया गया। बाद में युवक का शव झील से बरामद कर लिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने परिजनों से संपर्क किया। परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान गगनदीप के रूप में की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

बताया जा रहा है कि युवक किसी कार्य से क्षेत्र में आया हुआ था। हालांकि युवक के झील में डूबने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और हर पहलू को ध्यान में रखकर कार्रवाई की जा रही है। एसएचओ बंगाणा रोहित कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि युवक के शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है तथा आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### जिला परिषद एवम पंचायत समिति सदस्यों के प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित

**पट्टा मेहलोग, 15 मई ( तारा )** – पंचायती राज चुनावों के तहत आज निर्वाचन प्रक्रिया के अगले चरण में संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों (आरओ) एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों (एआरओ) द्वारा जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए। इससे पूर्व आज दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी की प्रक्रिया संपन्न हुई, जिसके उपरांत अंतिम रूप से चुनाव मैदान में बचे प्रत्याशियों को निर्धारित चुनाव चिन्ह प्रदान किए गए।

नाम वापसी प्रक्रिया के दौरान प्रधान पद के 2 प्रत्याशियों, उपप्रधान पद के 6 प्रत्याशियों तथा वार्ड सदस्य पद के 6 प्रत्याशियों द्वारा अपने नामांकन वापस लिए गए। इसके बाद अब विकास खंड पट्टा में प्रधान पद हेतु कुल 50 प्रत्याशी, उपप्रधान पद हेतु 57 प्रत्याशी तथा वार्ड सदस्य पद हेतु 58 प्रत्याशी चुनाव मैदान में शेष हैं।

जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्रों की बात करें तो मंधाला क्षेत्र से 2 प्रत्याशियों द्वारा अपने नामांकन वापस ले लिए गए हैं, जिसके बाद अब मंधाला क्षेत्र से कुल 5 प्रत्याशी चुनाव मैदान में शेष हैं। वहीं दाड़वा क्षेत्र से किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन वापस नहीं लिया है तथा वहां कुल 3 प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। विशेष रूप से ग्राम पंचायत जगजीतनगर में प्रधान, उपप्रधान तथा सभी वार्ड सदस्यों का निर्वाचन निर्विरोध रूप से संपन्न हुआ है। अब यहां केवल पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्यों के लिए ही मतदान प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त पंचायत समिति चुनाव में वार्ड नंबर 1 बड़लग तथा वार्ड नंबर 8 मंधाला से उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। निर्वाचन अधिकारियों द्वारा सभी प्रत्याशियों एवं उनके समर्थकों से आदर्श आचार संहिता एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन करने का आग्रह किया गया है, ताकि चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके।

# हिमाचल में अब तपने लगे पहाड़, 40 डिग्री पार पहुंचेगा तापमान; मौसम विभाग ने दी चेतावनी

» प्रथम न्यूज । शिमला
15 मई ( बी.शर्मा )

हिमाचल में मैदानी इलाकों के साथ-साथ पहाड़ भी तपने लगे हैं। आशंका है कि प्रदेश के कुछ इलाकों में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच जाए। मौसम विभाग ने 16 व 17 मई को चंबा, कांगड़ा, मंडी और कुल्लू में कुछ स्थानों पर 40 से 50 किलोमीटर की गति से आंधी चलने का यलो अलर्ट जारी किया है। हालांकि अधिकतर स्थानों पर मौसम साफ रहने का अनुमान है।

वहीं, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले दो दिनों में हिमाचल प्रदेश के कुछ ऊंचे इलाकों में हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान लगाया है, साथ ही 18 मई के बाद राज्य भर में लंबे समय तक सूखे और बढ़ते तापमान की चेतावनी भी दी है।

समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए, आईएमडी प्रमुख शोभित कटियार ने कहा कि अगले तीन दिनों में राज्य के अधिकांश हिस्सों में कोई बड़ी मौसमी गतिविधि की संभावना नहीं है, हालांकि चंबा, लाहौल-स्पीति और कुल्लू सहित ऊंचे पहाड़ी जिलों में छिटपुट हल्की बारिश हो सकती है।

**मैच पर पड़ेगा असर**

मौसम विभाग ने 17 मई को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में होने वाले मैच पर मौसम का असर नहीं रहने की संभावना जताई है। मौसम साफ होने से आने वाले दिनों में मैदानों के साथ पहाड़ भी तपेंगे और तापमान में वृद्धि का अनुमान लगाया गया है।

शुक्रवार को धूप और बादलों के बीच दिन के तापमान में करीब तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आई है। अधिकतम तापमान में सबसे अधिक गिरावट शिमला के कुफरी में 2.9, केलंग में 2.8, बिलासपुर के बरठीं, कल्पा और शिमला में 1.7 डिग्री सेल्सियस की आई है।

प्रदेश में सबसे अधिक तापमान ऊना में 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश में 11 स्थानों का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज किया गया। आंधी, ओलावृष्टि और ऊंची चोटियों में हिमपात के बाद तापमान में गिरावट आई थी।

**पर्यटकों ने पांच माह बाद खुले रोहतांग दर्रा में की मस्ती**

उधर, पांच महीने बाद पर्यटकों के लिए खुले 13050 फीट ऊंचे रोहतांग दर्रा में शुक्रवार को काफी पर्यटक पहुंचे। हालांकि, अभी वाहन रोहतांग से दो किलोमीटर पहले तक ही पहुंच पा रहे हैं।

दर्रे की वादियां पर्यटकों से चहक उठी हैं। पर्यटकों ने यहां खूब मस्ती की। दर्रा खुलने के बाद कुल्लू-मनाली में भी पर्यटक बढ़ने लगे हैं। सप्ताहांत के कारण मनाली में काफी पर्यटक पहुंचे हैं।



### दाड़वां तथा मंधाला ज़िला परिषद वार्ड के लिए 08 उम्मीदवार मैदान में

#### चुनाव चिन्ह आवंटित

**बी बी एन, 15 मई ( तारा )** – सोलन ज़िला के बद्दी क्षेत्र के तहत आने वाले ज़िला परिषद वार्ड दाड़वां तथा मंधाला से कुल 08 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। यह जानकारी निर्वाचन अधिकारी एवं उपमण्डलाधिकारी बद्दी डॉ. संजीव धीमान ने दी।

डॉ. संजीव धीमान ने कहा कि ज़िला परिषद वार्ड नम्बर-10 दाड़वां से कोई नामांकन वापिस नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा कि ज़िला परिषद वार्ड नम्बर-11 मंधाला से परमजीत कौर, निवासी गांव चक्कां, डाकघर कडुआना, तहसील बद्दी, ज़िला सोलन तथा सुनिधी, निवासी, गांव ततोआ, डाकघर साईं, तहसील बद्दी, ज़िला सोलन ने नामांकन वापिस ले लिया है।

निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि ज़िला परिषद वार्ड नम्बर-10 दाड़वां से रंजना देवी, निवासी गांव बुटाईला, डाकघर पट्टा महलोग, तहसील कसौली, ज़िला सोलन को 'ताला और चाबी' चुनाव चिन्ह, लच्छमी देवी, निवासी गांव बांटी, डाकघर जगजीत नगर, उप तहसील कृष्णगढ़, ज़िला सोलन को 'मेज़ का पंखा' चुनाव चिन्ह तथा स्नेह लता, निवासी गांव दांवटा, डाकघर मलेरा, उप तहसील कृष्णगढ़, ज़िला सोलन को 'छाता' चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है।

उन्होंने कहा कि ज़िला परिषद वार्ड नम्बर-11 मंधाला से अजय कुमार, निवासी ग्राम ततोआ, डाकघर साईं, तहसील बद्दी, ज़िला सोलन को 'ताला और चाबी' चुनाव चिन्ह, अभिषेक कुमार, निवासी गांव कैंडोल, डाकघर बधोनीघाट, तहसील बद्दी, ज़िला सोलन को 'मेज़ का पंखा' चुनाव चिन्ह, माता राम, निवासी गांव एवं डाकघर भटोली कलां, तहसील बद्दी, ज़िला सोलन को 'छाता' चुनाव चिन्ह, मान सिंह, निवासी गांव एवं डाकघर मंधाला, तहसील बद्दी, ज़िला सोलन को 'जीप' चुनाव चिन्ह तथा राज कुमार, निवासी गांव चक्कां, डाकघर कडुआना, तहसील बद्दी, ज़िला सोलन को 'कप-प्लेट' चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है।

# नगर निकाय चुनाव को लेकर तैयारियां पूरी, 17 मई को ईवीएम से होगा मतदान : डीसी

## जिला बिलासपुर के चार नगर निकायों में प्रातः 7 बजे से अपराह्न 3 बजे तक होगा मतदान

बिलासपुर, जितेंद्र गौतम

जिला निर्वाचन अधिकारी (नगर निकाय) एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने कहा कि नगर निकाय चुनाव, 2026 के सफल, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियों को पूर्ण कर लिया है। जिला बिलासपुर के अंतर्गत नगर परिषद बिलासपुर सदर, घुमारवीं, श्री नैना देवी जी तथा नगर पंचायत तलाई में 17 मई को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से मतदान संपन्न करवाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि चुनाव ड्यूटी में तैनात मतदान दलों को संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा 16 मई की सांय उनके निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा। मतदान प्रक्रिया 17 मई को प्रातः 7 बजे से अपराह्न 3 बजे तक होगी। मतदान आरंभ होने से पूर्व सभी मतदान केंद्रों पर मॉक पोल करवाया जाएगा, ताकि ईवीएम की कार्यप्रणाली का परीक्षण एवं पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी (नगर निकाय) एवं उपायुक्त ने कहा कि मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के उपरांत मतगणना भी 17 मई को ही करवाई जाएगी तथा चुनाव परिणाम उसी दिन घोषित किए जाएंगे। इसके लिए सभी निकायों के मतगणना केंद्र अधिसूचित कर दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि नगर परिषद बिलासपुर



सदर के लिए मतगणना केंद्र टाउन हॉल कक्ष संख्या-1, ईओएमसी कार्यालय बिलासपुर में स्थापित किया गया है। नगर परिषद घुमारवीं के लिए रैहन बसेरा हॉल, नगर परिषद श्री नैना देवी जी के लिए बस अड्डा के समीप स्थित मातृ आंचल भवन, वार्ड संख्या-4 के कॉन्फ्रेंस हॉल को मतगणना केंद्र निर्धारित किया गया है। वहीं नगर पंचायत तलाई के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तलाई के कक्ष संख्या-11 एवं 12 में मतगणना की व्यवस्था की गई है।

उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतिबंधात्मक आदेश भी जारी किए गए हैं। संबंधित मतदान क्षेत्रों में 15 मई से 17 मई तक शराब की बिक्री, खरीद, वितरण एवं सेवन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा तथा इस अवधि के लिए ड्राई डे घोषित किया गया है। इसके अतिरिक्त मतदान क्षेत्रों में हथियार लेकर चलने पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। राहुल कुमार ने कहा कि आदर्श आचार संहिता एवं निर्वाचन संबंधी दिशा-निर्देशों की कड़ाई से अनुपालना सुनिश्चित बनाने के लिए 15 मई को अपराह्न 3 बजे से 17 मई को मतदान समाप्ति तक सार्वजनिक सभाओं, जनसभाओं एवं राजनीतिक बैठकों के आयोजन पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने सभी संबंधित नगर निकायों के सभी मतदाताओं से लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाने के लिए स्वतंत्र और निर्भीक होकर बढ़-चढ़ कर मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित बनाने का आह्वान किया है।

# खरोटा बरठीं के नव दुर्गा माता मंदिर में आज होगा 34वां विशाल भगवती जागरण एवं भंडारा

» प्रथम न्यूज । बिलासपुर
15 मई ( जितेंद्र गौतम )

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नव दुर्गा माता मंदिर खरोटा बरठीं में ब्रम्हलीन महात्ममहिन्द्र जी महाराज एवं महन्त कृष्ण लाल मलिक जी की विशेष यादगार पुण्य तिथि के सुअवसर पर नव दुर्गा माता सेवा संस्थान रजिस्टर्ड लुधियाना द्वारा 34 वा विशाल भगवती जागरण एवं भंडारे का आयोजन नव दुर्गा सेवा सीमित लुधियाना द्वारा बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आगामी 16 मई 2026 को मन्दिर परिसर में आयोजित किया जा रहा है।

जागरण का शुभारंभ रात्रि 9 बजे मुख्य अतिथि एग्जीक्यूटिव मैजिस्ट्रेट डा राजेंद्र गौतम जी मां के समक्ष ज्योति प्रज्वलित करके पुरोहित द्वारा वैदिक मन्त्रों के उच्चारण के साथ विधिवत पूजा अर्चना के साथ करेंगे यह जानकारी देते हुए मन्दिर के अध्यक्ष पूर्ण चंद नैयर एवं महासचिव विपिन सिंगला ने प्रैस के माध्यम से बताया कि इस विशाल भगवती जागरण में हिमाचल प्रदेश के तेजतर्रार एवं देश-विदेश में ख्याति प्राप्त लोकप्रिय टी सीरीज आर्टिस्ट पम्मी ठाकुर एंड पार्टी( नादौन वाले) एवं टी सीरीज आर्टिस्ट नूर जौली ( अमृतसर वाले )मां भगवती का जागरण विशेष झांकियों सहित एवं तारा रानी की कथा का रसपान करवायेंगे।

मन्दिर के महासचिव विपिन सिंगला ने नव दुर्गा मन्दिर के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस मन्दिर में ब्रम्हलीन महात्मा महिन्द्र जी के भक्त होशियारपुर पंजाब के द्वारा अरदास पूरी होने पर प्रथम जागरण का शुभारंभ हुआ तत्पश्चात उसी क्रमानुसार प्रति वर्ष इस स्थान पर मां भगवती



जी के आशीर्वाद से जागरण नव दुर्गा माता मंदिर सीमित द्वारा आयोजित किया जाता है।

उन्होंने बताया कि महात्मा महिन्द्र जी के ब्रम्हलीन होने के पश्चात कृष्ण लाल



मलिक जी गद्दी नशीन हुए व उन्होंने अपना समस्त जीवन मां की सेवा में समर्पित करते हुए मां की गोदी में समां गए उन्होंने बताया कि जब से इस स्थान पर मां की मूर्ति स्थापित हुई है तब से लेकर इस स्थान पर नये नये चमत्कार देखने को मिल रहे हैं ।

उन्होंने बताया कि मन्दिर परिसर में स्थापित पीपल के पेड़ पर ब्रह्मा की गोदी में गणपति जी बिराजमान हुए गौरतलब है कि नवरात्रों के अवसर पर पुजारियों द्वारा मां की संध्या पावन आरती हो रही थी उसी समय मां श्री नयना देवी जी से एक दिव्य अलौकिक ज्योति स्वरूप आया जो कि देखते देखते पीपल में समा गया तत्पश्चात रात्रि को गणपति ने दर्शन दिए कि मैं इस स्थान पर ब्रह्मा की गोदी में बिराजमान हो गया हूं तब से अब तक इस स्थान पर वर्तमान समय में ब्रह्मा जी की गोदी में स्वयं-भू गणपति मन्दिर परिसर में बिराजमान है।

जिनके फलस्वरूप असंख्य भक्त दूर दूर से स्वयं-भू गणपति जी के दर्शन लाभ प्राप्त करते हैं इस स्थान पर सर्वप्रथम गणपति जी,मां भगवती के समक्ष भैरवनाथ जी, श्री राम भक्त हनुमान जी, मां काली, श्री सिद्ध बाबा समाधि ब्रम्हलीन महात्मा महिन्द्र जी महाराज,बालक नाथ जी, श्री राम परिवार, त्रिलोकीनाथ भगवान शिव परिवार, मां संतोषी, शीतलता माता, शिरडी साईं बाबा जी, शिरडी की द्वारका माई,शेर पर सवार मां दुर्गा,शिव पार्वती की गोदी में गणपति जी महाराज,सभी नव ग्रह अपने अपने आसन पर विराजमान न्याय के देवता शनि महाराज अपने स्थान पर बिराजमान है जोकि बहुत ही शोभायमान हो रहें हैं गौरतलब है कि इस मन्दिर में वर्तमान समय में मन्दिर के जीर्णोद्धार का कार्य जोरों पर है महासचिव सिंगला जी ने मन्दिर कमेटी के पूर्ण सहयोग के श्री लिए नव दुर्गा सेवा संस्थान लुधियाना की तरफ़ से आभार व्यक्त करते हुए समस्त भक्तों से मन्दिर में चल रहे कार्यों में सहयोग देकर पुण्य के भागी बने मन्दिर के प्रबंधक निदेशक सुदर्शन कुमार जी ने सभी भक्तों से इस 34 वें विशाल भगवती जागरण में हाजिरी सुनिश्चित करके अपना जीवन सफल बनाएं।

# मिचेल मार्श ने बढ़ाई चेन्नई की टेंशन, प्लेऑफ की उम्मीदों को दिया करारा झटका

मिचेल मार्श की तूफानी पार के दम पर लखनऊ सुपर जायंट्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 7 विकेट से मात दी है। इसी के साथ सीएसके के लिए आईपीएल 2026 के प्लेऑफ में जगह बनाना मुश्किल हो गया है। सीएसके को अगले दोनों मैचों में जीत हासिल करनी होगी और उसके बाद ही उन्हें प्लेऑफ का टिकट मिलेगा।

लखनऊ के लिए मार्श ने कमाल की बल्लेबाजी की और 90 रन बनाए। उन्होंने एलएसजी को ताबड़तोड़ शुरुआत दिलाई और मैच को एकतरफा कर दिया। मार्श ने अपनी बल्लेबाजी की ताकत दिखाई और उन्होंने 7 गगनचुंबी छक्के जड़े। लखनऊ पहले ही प्लेऑफ से बाहर हो गई थी और उन्होंने अब चेन्नई के लिए भी राह मुश्किल कर दी है।

**चेन्नई सुपर किंग्स ने बनाए 187 रन** – चेन्नई सुपर किंग्स ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए निर्धारित ओवरों में पांच विकेट पर एलएसजी को 188 रनों का लक्ष्य दिया है। हालांकि, एक समय आकाश सिंह के खतरनाक स्पेल के सामने सीएसके 7.2 ओवर में महज 52 रन पर तीन विकेट गंवाकर मुश्किल में थी, लेकिन कार्तिक शर्मा (71) के नाबाद अर्धशतक और आखिरी ओवरों में शिवम दुबे (32) की तूफानी पारी की बदौलत मेहमान टीम चुनौतीपूर्ण लक्ष्य तक पहुंचने में सफल रही।



**आकाश ने दिलाई शुरुआती सफलता** – सीजन में पहला मुकाबला खेल रहे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज आकाश सिंह ने अपने पहले स्पेल में ही कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (13), धाकड़ बल्लेबाज संजू सैमसन (20) और उर्विन पटेल (06) को पवेलियन भेजकर चेन्नई सुपर किंग्स के लिए मुश्किल खड़ी कर दी थी, लेकिन कार्तिक शर्मा ने डेवाल्ड ब्रेविस (25) के साथ चौथे विकेट के लिए 70 रनों की साझेदारी कर टीम को संकट से बाहर निकाला। ब्रेविस एक बार फिर क्रीज पर जमने के बाद बड़ी पारी नहीं खेल पाए। हालांकि, दूसरे छोर पर कार्तिक की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी जारी रही। इसी बीच कार्तिक ने 35 गेंदों पर तीन चौके व चार छक्कों की मदद से सीजन का दूसरा अर्धशतक जड़ा। इसके पहले दाएं हाथ के बल्लेबाज ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ पचासा जड़ा था। उन्हें 16वें ओवर की आखिरी गेंद पर स्पिनर शाहबाज ने मार्करम के हाथों कैच कराया, लेकिन आउट होने से पहले कार्तिक अपना काम कर गए। जब कार्तिक का विकेट गिरा तो चेन्नई का स्कोर 16 ओवर में 142 रन था। शिवम दुबे ने प्रशांत वीर (नाबाद 13) के साथ आखिरी चार ओवर में 45 रन जोड़कर टीम का स्कोर 187 रनों तक पहुंचाया।

**देर से मिले मौके को आकाश ने भुनाया**

इसके पहले एलएसजी ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया। मोहम्मद शमी के साथ दूसरे छोर पर गेंदबाजी की जिम्मेदारी राजस्थान के युवा खिलाड़ी आकाश सिंह को मिली। आकाश को सीजन में पदार्पण के लिए 12 मैचों तक इंतजार करना पड़ा। देर से ही सही, लेकिन अवसर मिलने पर राजस्थान के इस बाएं हाथ के गेंदबाज ने भुनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने अपनी शानदार गेंदबाजी से टीम प्रबंधन को यह संदेश दिया कि उन्हें पहले मौका मिला होता तो टीम की जीत में और योगदान दे सकते थे। आकाश सिंह ने आईपीएल में 2021 में राजस्थान रॉयल्स के लिए डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने सिर्फ एक मैच खेला और 40 रन देकर दो विकेट हासिल किए। इसके बाद वर्ष 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें चोटिल खिलाड़ी की जगह टीम में शामिल किया। उन्होंने छह मैचों में 9.89 की इकानमी रेट से पांच विकेट अपने नाम किए। 2025 सीजन से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स ने उन्हें एक बार फिर उनके बेस प्राइस 30 लाख रुपये में खरीदा। उन्होंने तीन मैचों में एलएसजी के लिए चार विकेट लिए, जिसमें 30 रन देकर दो विकेट शामिल है।

**हर विकेट के बाद पर्ची दिखाकर खास अंदाज में जश्न** – आकाश सिंह ने ऋतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन और उर्विन पटेल जैसे दिग्गजों को पवेलियन भेजकर लखनऊ को मैच में बढ़त दिलाई। उन्होंने प्रत्येक सफलता पर पर्ची दिखाकर खास अंदाज में जश्न मनाया, जिसमें यह लिखा था कि अक्की ऑन फायर, आकाश जानता है कि टी-20 मैच में विकेट कैसे लिए जाते हैं। उनका यह अंदाज दर्शकों को भी खूब भाया।

**मिचेल मार्श और जोश इंग्लिस की शतकीय साझेदारी** – चेन्नई के 188 रनों के जवाब में लखनऊ ने शानदार अंदाज में शुरुआत की। मिचेल मार्श और जोश इंग्लिस की जोड़ी ने कमाल दिखाते हुए शतकीय साझेदारी की। दोनों ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और पावरप्ले में ही 91 रन जड़ दिए। मिचेल मार्श मैच में अलग मूड में नजर आए और उन्होंने अंशुल कंबोज के एक ओवर में लगातार चार छक्के जड़ दिए।

## मुंबई इंडियंस की रोमांचक जीत, पंजाब किंग्स की लगातार पांचवीं हार से प्लेऑफ की राह मुश्किल

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली
16 मई ( ब्यूरो )

IPL 2026 में पंजाब किंग्स (PBKS) के लिए स्थिति लगातार कठिन होती जा रही है। गुरुवार को खेले गए एक अहम मुकाबले में मुंबई इंडियंस (MI) ने छह विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की, जबकि पंजाब किंग्स को लगातार पांचवीं हार का सामना करना पड़ा। इस हार ने PBKS की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब किंग्स ने मजबूत शुरुआत की। प्रभसिमरन सिंह ने 57 रन और प्रियांश आर्य ने 27 रन बनाकर 33 गेंदों में 50 रन की ओपनिंग साझेदारी दी। इसके बाद कूपर कोनोली ने 31 रन और अज़्मतुल्लाह उमरज़ई ने 38 रन की अहम पारी खेली। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 200 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।



लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत भी मजबूत रही। रोहित शर्मा ने 25 रन बनाए, जबकि रयान रिकेल्टन ने 48 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। इसके बाद तिलक वर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 75 रन बनाए और टीम को जीत की ओर अग्रसर किया। विल जैक्स ने भी नाबाद 25 रन बनाकर टीम की जीत सुनिश्चित की। मुंबई ने एक गेंद शेष रहते 205 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से अपने नाम किया। इस मैच में शार्दुल ठाकुर ने गेंदबाजी में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए चार विकेट हासिल किए, जिससे पंजाब की पारी को बड़े स्कोर तक पहुंचने से रोका जा सका।

हार के बाद पंजाब किंग्स के ड्रेसिंग रूम और प्रबंधन में तनाव की स्थिति भी देखने को मिली। रिपोर्ट्स के अनुसार, टीम की सह-मालकिन प्रीति जिंटा और कोच रिकी पोंटिंग के बीच मैच के बाद लंबी और तीखी बहस हुई, जिसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं। लगातार पांच हार के बाद पंजाब किंग्स की स्थिति अब बेहद नाजुक हो गई है। टीम को प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए अपने बाकी बचे दोनों मुकाबले हर हाल में जीतने होंगे, अन्यथा उनका सफर यहीं समाप्त हो सकता है। मुंबई इंडियंस की इस जीत ने न केवल उनकी स्थिति को मजबूत किया है, बल्कि टीम के आत्मविश्वास को भी नई ऊंचाई दी है।


## अर्शदीप सिंह अब नए विवाद में फंसे, लिखा- परिवार से चिप्स और कोल्ड ड्रिंक के पैसे मांगने वाले...

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली
16 मई ( ब्यूरो )

**Arshdeep Singh:** कहते हैं इंसान को फर्श से अर्श पर पहुंचने के लिए कई साल लग जाते हैं लेकिन उसकी एक गलती उसे एक लम्हे में अर्श से फर्श पर पटक सकती है.

कुछ ऐसा ही शायद अर्शदीप सिंह के साथ भी होता दिख रहा है. टीम इंडिया को दो टी20 वर्ल्ड कप जिताने वाले अर्शदीप सिंह कमाल के गेंदबाज हैं लेकिन खेल के मैदान के बाहर उनका बर्ताव उन्हें विवादों में ला रहा है.

अर्शदीप सिंह ने हाल ही में तिलक वर्मा पर ऐसी टिप्पणी की जिसके बाद उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा है. अब इस खिलाड़ी ने एक फैन पर कमेंट किया है जो सच में चौंकाने वाला है.



### अर्शदीप सिंह तो फैंस से भिड़ गए

अर्शदीप सिंह के तिलक वर्मा पर किए कमेंट के बाद एक फैन ने स्नैपचैट पर लिखा कि पंजाब को आईपीएल से हटाया जाए, क्यों हमारी बेइज्जती करा रहे हो अर्शदीप सिंह? इसपर अर्शदीप सिंह ने फैन को जवाब देते हुए लिखा- तुमने पंजाब के लिए क्या किया है जो तुम्हें शर्मिंदगी हो रही है. वो लोग जो कोल्ड ड्रिंक और चिप्स खाने के लिए परिवार से पैसे लेते हैं वो हमें सलाह दे रहे हैं कि नाम रखना है या नहीं.

अर्शदीप सिंह के स्नैपचैट का ये स्क्रीनशॉट वायरल हो गया है और इसके बाद फैंस उन्हें और ज्यादा ट्रोल कर रहे हैं.

### अर्शदीप सिंह ने तिलक वर्मा को कहा अंधेरा

बता दें अर्शदीप सिंह ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच से पहले तिलक वर्मा को अंधेरा कह दिया था. इस कमेंट को तिलक वर्मा की त्वचा के रंग पर कमेंट बताया जा रहा है. कई फैंस ने अर्शदीप सिंह पर तुरंत एक्शन की मांग की है. बता दें अर्शदीप सिंह को तो मुंबई इंडियंस ने भी एक पोस्ट के जरिए जवाब दिया है. अर्शदीप सिंह ने पहली बार इस तरह के कमेंट नहीं किए हैं. उन्होंने तिलक वर्मा पर पहले भी इस तरह के कमेंट किए हैं और साई सुदर्शन का भी उन्होंने मजाक बनाया था.



**पंजाब का प्रदर्शन अचानक हुआ खराब :** आईपीएल 2026 में पहले 7 मैच नहीं गंवाने वाले पंजाब की टीम अब जीत के ट्रैक से उतर चुकी है.

ये टीम लगातार पांच मैच हार चुकी है और अब उसका प्लेऑफ में पहुंचना भी मुश्किल लग रहा है. पंजाब के अब दो मैच बचे हैं और उसे प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अगले दोनों मैच जीतने होंगे.

## विराट कोहली का बड़ा बयान, चयन प्रक्रिया और टीम रोल को लेकर दिए संकेत

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली
16 मई ( ब्यूरो )

भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने ऋष्क्वपॉडकास्ट में अपनी मौजूदगी के दौरान टीम मैनेजमेंट और चयन व्यवस्था को लेकर अहम टिप्पणी की है। उनके बयान को लेकर क्रिकेट हलकों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। कोहली ने कहा कि उनका दृष्टिकोण पूरी तरह स्पष्ट है और वह ऐसे माहौल का हिस्सा बनना चाहते हैं, जहां उन्हें अपनी काबिलियत साबित करने की बजाय सीधे योगदान देने का अवसर मिले। उन्होंने संकेत दिया कि वह केवल उसी स्थिति में खेलना पसंद करेंगे, जहां टीम उन्हें उनकी भूमिका और क्षमता के आधार पर महत्व दे। कोहली, जिन्होंने एक साल पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था, ने बातचीत के दौरान 2027 वर्ल्ड कप की तैयारियों और टीम के भीतर चल रही ऊपर-नीचे बातचीत का भी संकेत दिया। उनके इस बयान को मौजूदा चयन और टीम प्रबंधन से जुड़े मामलों से जोड़कर देखा जा रहा है। RCB के लिए एक पॉडकास्ट में मयंती लैंगर से बातचीत के दौरान कोहली ने कहा, आप जानते हैं जैसा कि मैंने आज कहा कि मेरा नज़रिया बहुत साफ है कि अगर मैं उस माहौल में वैल्यू ऐड कर सकता हूँ जिसका मैं हिस्सा हूँ और माहौल ऐसा महसूस कराता है कि मैं वैल्यू ऐड कर सकता हूँ, मुझे देखा जाएगा। उन्होंने आगे कहा, अगर मुझे ऐसा महसूस कराया जाता है कि मुझे अपनी काबिलियत और अपनी वैल्यू साबित करने की ज़रूरत है तो मैं उस जगह पर नहीं हूँ, क्योंकि मैं अपनी तैयारी के प्रति ईमानदार हूँ।



मैं इस बात के प्रति ईमानदार हूँ कि मैं गेम को कैसे अप्रोच करता हूँ। कोहली के इस बयान को क्रिकेट विश्लेषक अलग-अलग नजरिए से देख रहे हैं। कुछ इसे एक खिलाड़ी की आत्मविश्वास से जुड़ी बात मान रहे हैं, जबकि कुछ इसे टीम चयन और प्रबंधन की मौजूदा प्रक्रिया पर परोक्ष टिप्पणी के रूप में देख रहे हैं।

## पहले 'मक्खन' लगाया, फिर डंडा उड़ाया...युजवेंद्र चहल ने रोहित शर्मा के साथ कर दिया बड़ा खेल

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली
16 मई ( ब्यूरो )

रोहित शर्मा का बल्ला पंजाब किंग्स के खिलाफ नहीं चला. दाएं हाथ का ये ओपनर अपनी पूरी पारी में जूझता नजर आया, उनका स्ट्राइक रेट 100 से भी कम रहा और उनकी पारी का खात्मा किया उनके हरदिल अजीज दोस्त युजवेंद्र चहल ने. जी हां चहल ने बेहद ही कमाल गेंद पर रोहित शर्मा को बोल्ड किया. रोहित उनकी गेंद को पढ़ ही नहीं सके और उनका ऑफ स्टंप उड़ गया. रोहित को आउट करने के बाद युजवेंद्र चहल काफी आक्रामक जश्न मनाते नजर आए.



**चहल ने पहले लगाया रोहित को मक्खन:** बता दें मैच शुरू होने से पहले युजवेंद्र चहल मुंबई के इस दिग्गज खिलाड़ी के साथ नजर आ रहे थे. वो रोहित के साथ मौज-मस्ती करते नजर आए. दोनों की गहरी दोस्ती है इसलिए अकसर दोनों को मैदान पर मस्ती-मजाक करते हुए देखा जाता है. लेकिन मैच शुरू होते ही चहल ने उनका काम तमाम कर दिया. बता दें रोहित काफी ज्यादा स्ट्रगल करते नजर आए और उन्होंने अपनी पारी में 2 छक्के तो जड़े लेकिन उन्होंने काफी ज्यादा डॉट गेंद खेली. 26 गेंद खेलने के बाद वो आउट ही हो गए और उनका स्ट्राइक रेट रहा 96.1 रहा.

**चहल एक ही विकेट ले पाए**

युजवेंद्र चहल मैच में एक ही विकेट ले सके. उन्होंने अपने आखिरी ओवर में काफी ज्यादा रन दे दिए. 16वां ओवर फेंकने आए चहल ने 20 रन लुटा दिए. उनके ओवर में तिलक वर्मा और रदरफर्ड ने छक्का लगाया. 3 ओवर में चहल ने सिर्फ 12 रन दिए थे लेकिन 4 ओवर खत्म होते-होते उन्होंने 32 रन लुटा दिए.

**पंजाब की लगातार पांचवीं हार**

बता दें ये मैच पंजाब किंग्स ने गंवा दिया. टीम ने 200 रन बनाए लेकिन इसके बावजूद मुंबई ने ये मैच एक गेंद पहले चेज कर लिया. तिलक वर्मा ने 33 गेंदों में नाबाद 75 रन बनाकर मुंबई को जीत दिलाई. जैक्स ने 10 गेंदों में नाबाद 25 रनों की पारी खेली.

रिकल्टन ने 23 गेंदों में 48 रन बनाए. पंजाब ने लगातार पांचवां मैच गंवा दिया. इस टीम को अब प्लेऑफ में पहुंचने के लिए हर हाल में बचे हुए दो मैच जीतने होंगे.



# वट सावित्री व्रत का महत्व

**वट सावित्री व्रत हिंदू धर्म में सुहागिन महिलाओं का अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। यह व्रत पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना के लिए रखा जाता है। ज्येष्ठ मास की अमावस्या को यह व्रत विशेष रूप से उत्तर भारत, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और मध्य भारत में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। इस दिन महिलाएं वट वृक्ष अर्थात बरगद के पेड़ की पूजा करती हैं और माता सावित्री एवं सत्यवान की कथा सुनती हैं।**



### वट सावित्री व्रत की कथा

पौराणिक मान्यता के अनुसार राजा अश्वपति की पुत्री सावित्री अत्यंत तेजस्विनी और पतिव्रता थीं। उन्होंने सत्यवान को अपने पति के रूप में चुना, जबकि ऋषियों ने बताया था कि सत्यवान अल्पायु हैं। विवाह के एक वर्ष बाद सत्यवान जंगल में लकड़ी काटते समय मूर्छित होकर गिर पड़े और उनके प्राण लेने के लिए यमराज आए।

सावित्री ने अपने पतिव्रत धर्म, बुद्धिमत्ता और दृढ़ संकल्प से यमराज को प्रसन्न कर लिया। यमराज ने उन्हें वरदान मांगने को कहा। सावित्री ने पहले अपने सास-ससुर की दृष्टि और राज्य वापस मांगा, फिर पिता के लिए पुत्रों का वरदान मांगा। अंत में उन्होंने अपने लिए भी सौ पुत्रों का वरदान मांग लिया। यमराज को अपना वरदान पूरा करने के लिए सत्यवान को जीवित करना पड़ा। इस प्रकार सावित्री ने अपने तप, प्रेम और निष्ठा से अपने पति के प्राण वापस प्राप्त किए।

इसी घटना की स्मृति में वट सावित्री व्रत मनाया जाता है।

### वट वृक्ष का महत्व

वट वृक्ष को हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र माना गया है। इसकी जड़ में ब्रह्मा, तने में विष्णु और शाखाओं में भगवान शिव का वास माना जाता है। बरगद का वृक्ष दीर्घायु और स्थिरता का प्रतीक है, इसलिए महिलाएं इसकी पूजा कर अपने पति के लंबे और सुखी जीवन की कामना करती

### व्रत की पूजा विधि

सुबह स्नान करके स्वच्छ वस्त्र धारण किए जाते हैं। महिलाएं सोलह श्रृंगार कर व्रत का संकल्प लेती हैं। वट वृक्ष के नीचे जल, रोली, अक्षत, फूल, फल और मिठाई अर्पित की जाती है। पेड़ के चारों ओर कच्चा सूत या धागा लपेटते हुए परिक्रमा की जाती है। इसके बाद सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी जाती है और परिवार की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की जाती है।

### वट सावित्री व्रत का संदेश

यह व्रत केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि नारी शक्ति, समर्पण, धैर्य और अटूट प्रेम का संदेश भी देता है। माता सावित्री भारतीय संस्कृति में आदर्श नारी और पतिव्रता धर्म की प्रतीक मानी जाती हैं। यह पर्व हमें परिवार के प्रति प्रेम, विश्वास और कर्तव्य निभाने की प्रेरणा देता है। वट सावित्री व्रत भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों का पावन पर्व है। यह व्रत पति-पत्नी के अटूट प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। श्रद्धा और भक्ति से किया गया यह व्रत जीवन में सुख, शांति और सौभाग्य लाने वाला माना गया है।



डॉ. बी. के. मल्लिक
वरिष्ठ लेखक एवं समाजसेवी
9810075792

# पंजाब में बीजेपी की डबल इंजन सरकार लगाएगी भ्रष्टाचार पर लगाम - सैनी

## पंजाब में भ्रष्टाचार पर नायब सिंह सैनी का आप पार्टी पर बड़ा हमला, कहा, सरकार की ड्यूटी भ्रष्टाचार बढ़ाना नहीं होता

» प्रथम न्यूज़ । चंडीगढ़

15 मई ( एएम नाथ )

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार की ड्यूटी भ्रष्टाचार बढ़ाना नहीं होता, कांग्रेस के भ्रष्टाचार से तंग आकर तो वहां की जनता ने आम आदमी पार्टी को मौका दिया था, लेकिन आज पंजाब में भ्रष्टाचार चरम पर है। पंजाब नशे की दलदल में फंसा है। आम आदमी पार्टी ने पंजाब की भोली भाली जनता को सब्जबाग दिखाकर धोखा देने का काम किया है।

मुख्यमंत्री सिरसा में आयोजित कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे। इस दौरान उन्होंने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि पंजाब की जनता भोली जनता है, दिल्ली में मुख्यमंत्री रहते हुए अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली जैसे पेरिस बनाने के सपने पंजाब की जनता को दिखाए थे। लेकिन जब पंजाब में एक टॉवर पर ईडी की रेड पड़ती है तो कैसे नोटो की बरसात हुई, यह घटना कथित ईमानदार सरकार की पोल खोलती है। उन्होंने



कहा कि शहीद भगत सिंह की फोटो लगाने का इन्हें अधिकार नहीं है, क्योंकि शहीद भगत सिंह ने आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित करने के लिए अपनी कुर्बानी दी थी, लेकिन उनके सपनों का पंजाब बनने की बजाय यह भ्रष्टाचार, घोटालों का पंजाब बन चुका है। पंजाब में तहसील, थानों में बिना पैसे काम नहीं होता। वहां की जनता परेशान है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में बीजेपी के नेतृत्व में बनने वाली डबल इंजन की सरकार वहां विकास को तेज गति से करते हुए भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाएगी। उन्होंने इस दौरान हरियाणा में लागू की गई योजनाओं का हवाला देते हुए कहा कि प्रदेश में किसानों को एमएसपी दिया जा रहा है, आयुष्मान, चिरायु योजना का लाभ प्रदेश की जनता को मिल रहा है। इसके अलावा सोलर की स्कीम का फायदा भी प्रदेश की जनता को दिया जा रहा है। वहां सरकार बनने पर इन योजनाओं का फायदा वहां की जनता को भी मिलेगा।

एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण को लेकर किए गए आह्वान के मद्देनजर हरियाणा में भी इसे लागू किया गया है। इस सम्बन्ध में एसओपी जारी की गई है। खुद के फ्लीट में भी गाड़ियों की संख्या कम की है, साथ ही अधिकारियों को भी कहा है कि वर्चुअल तरीके से बैठक हो सकती है तो वो करें। इसके साथ ही पीएम श्री नरेंद्र मोदी ने आमजन से यह आह्वान भी किया है कि गाड़ी की बजाय हो सके तो पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करें, जिससे बचत हो सके। उन्होंने कहा कि आज वैश्विक संकट है, मिडल ईस्ट में जो हालत है उस समस्या से निपटने के लिए सरकार ने कदम उठाए है, जनता को भी सहयोग देना चाहिए।

उन्होंने एक अन्य सवाल के संबंध में कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय श्री भजन लाल हमारे आदरणीय है, और हरियाणा के विकास को लेकर उनके द्वारा दिए गए बहुमूल्य सहयोग को भुलाया नहीं जा सकता।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने नीट परीक्षा में एक चिकित्सक की भूमिका संबंधित पूछे गए सवाल पर कहा कि इस पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। सरकार मामले की तह तक जा रही है, किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और इस संबंध में सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## एक नज़र

# इलाके की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कदम उठाए जाएंगे : बनीत धीर



**जालंधर, 15 मई ( डोगरा )**- बस्ती बावा खेल न्यू राज नगर, में आम आदमी पार्टी से रिजर्वर नरेश शर्मा और मेयर बनीत धीर द्वारा वार्ड वासियों के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें इलाके से जुड़ी समस्याओं पर खुलकर चर्चा हुई। बैठक में मौजूद वार्डवासियों को संबोधित करते हुए ने आश्वासन दिया कि इलाके की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार और मुख्यमंत्री भगवंत मान नशे के खात्मे के लिए पूरी तरह वचनबद्ध हैं और सरकार की टीमें लगातार इस दिशा में काम कर रही हैं, ताकि समाज को नशे जैसी बुराई से मुक्त किया जा सके। बैठक के दौरान लोगों ने मेयर द्वारा इलाके में करवाए गए विकास कार्यों की सराहना भी की। लोगों का कहना था कि वार्ड में जरूरत के अधिकांश विकास कार्य पूरे किए जा चुके हैं।

बैठक के दौरान स्थानीय लोगों ने इलाके में बढ़ रहे नशे और चोरी की घटनाओं को लेकर सरकार और पुलिस प्रशासन पर सवाल उठाए। लोगों ने कहा कि सरकार नशे को खत्म करने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात इसके विपरीत दिखाई दे रहे हैं। वार्डवासियों ने मेयर से सवाल करते हुए कहा कि इलाके के युवा नशे के दलदल में फंसते जा रहे हैं और आए दिन चोरी की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन बस्ती बावाखेल पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आती। स्थानीय निवासियों ने कहा कि सरकार लोगों को सुरक्षा देने तथा नशे पर रोक लगाने में नाकाम साबित हो रही है। इस मौके जोगिंदर पाल, लाली भगत, नवीन खुराना, नरेंद्र सिंह, विपन नायर ,अमन सदल, पिंकी, राजेश भगत, हेमंत डोगरा, जतिन भगत, बलविंदर प्रधान , हरीश, हर्षा, रमन भल्ला, गौरव कुमार रमेश कुमार के अलावा बहुत सारे मोहल्ला निवासी मौजूद थे।

# नारकोटिक्स के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक स्तर पर समान कानूनों और प्रक्रियाओं की जरूरत : अमित शाह



**नई दिल्ली ( एएम नाथ )**- विदेशों से खुफिया जानकारी जुटाने और उसका विश्लेषण करने वाली भारत की प्रमुख एजेंसी, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) ने शुक्रवार को अपनी वार्षिक व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस वर्ष मादक पदार्थ एक सीमाहीन खतरा, एक सामूहिक जिम्मेदारी विषय पर अपना संबोधन दिया। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने 2047 तक नशामुक्त भारत का राष्ट्रीय लक्ष्य निर्धारित किया है।

शाह ने कहा कि भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने मादक पदार्थों के गिरोहों को खत्म करने के लिए एक रोडमैप तैयार किया है और इस लक्ष्य की दिशा में काम कर रही हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि मादक पदार्थों के धन का इस्तेमाल आतंकवादियों और आपराधिक गिरोहों को वित्त पोषित करने और समानांतर अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है, लेकिन मादक पदार्थों के सेवन से मानव शरीर को होने वाले स्थायी नुकसान पर बड़े पैमाने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## उत्तराखंड में धामी सरकार का बड़ा फैसला

# सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ा

## विकास कार्यों के लिए 50 करोड़ मंजूर

**देहरादून ( ब्यूरो )**- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य सरकार के कार्मिकों और पेंशनरों को बड़ी राहत देते हुए महंगाई भत्ते में वृद्धि को मंजूरी प्रदान की है। केंद्र सरकार की तर्ज पर 1 जनवरी 2026 से महंगाई भत्ता 58 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत प्रतिमाह कर दिया गया है। इस निर्णय से राज्य के हजारों कर्मचारियों और पेंशनरों को सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनपदों में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए करीब ?50 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति भी दी है।

चम्पावत जिले के कोतवाली पंचेश्वर में टाइप-2 के 6 आवासों एवं चाहरदीवारी निर्माण के लिए ?3.13 करोड़, नैनीताल जिले के हल्द्वानी फायर स्टेशन में टाइप-2 के 64, टाइप-3 के 8 और टाइप-4 के 4 आवासों के निर्माण हेतु ?36.64 करोड़ तथा चम्पावत के ही थाना रीठासाहिब में टाइप-2 के 6 और टाइप-3 के 1 आवास के निर्माण के लिए ?3.47 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। वहीं अल्मोड़ा के मौलेखाल बाजार में पार्किंग निर्माण के लिए ?5.91 करोड़ और चमोली जनपद के थराली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्वालदम बाजार में वाहन पार्किंग के निर्माण हेतु ?61.57 लाख की धनराशि भी मंजूर की गई है। सरकार के इन फैसलों को एक ओर जहां कर्मचारियों के लिए राहत भरा कदम माना जा रहा है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न क्षेत्रों में आवास और पार्किंग जैसी आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से स्थानीय लोगों को भी सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है।



# पटियाला की केंद्रीय जेल से तीन कैदी फरार, पुलिस विभाग में मचा हड़कंप

» प्रथम न्यूज़ । पटियाला

15 मई ( ब्यूरो )

पंजाब में जेल से तीन कैदियों के भागने का मामला सामने आया है। खबर है कि सेंट्रल जेल पटियाला से तीन कैदी भाग गए है जिसके बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया।

मिली जानकारी के मुताबिक पंजाब में केंद्रीय जेल पटियाला से 3 कैदी फरार हो गए है। बताया जा रहा है कि तीनों कैदी नशा तस्करी के आरोप में जेल में बंद थे और उनका संबंध अमृतसर से बताया जा रहा है।

**दो फरार कैदी गिरफ्तार**

हालांकि पुलिस ने दो फरार कैदियों को गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन इस अति सुरक्षित माने जाने वाली जेल से कैदियों की फरारी से जेल सुरक्षा को लेकर बड़े सवाल पैदा हो रहे हैं।

घटना की जानकारी मिलने के बाद डीआईजी जेल मौके पर पहुंचे। दूसरी ओर, पटियाला पुलिस ने इस मामले में कई जगहों पर छापेमारी की। पुलिस की ओर से दो कैदियों के पकड़े जाने की खबर है।



# 100 किलो गो - मांस के साथ दो के बाद तीसरे फरार इनामी को भी इंस्पेक्टर अमरेंद्र ने किया शिवली में गिरफ्तार

» प्रथम न्यूज़ । कानपुर

15 मई ( सुनील बाजपेई )

यहां देहात में अपराध नियंत्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस द्वारा गो मांस तस्कर मो.जुबेर अंसारी पुत्र मो. रिजवान, निवासी 98/179 गोरा कब्रिस्तान बेकनगंज थाना बेकनगंज कानपुर नगर, आसिफ पुत्र शकील निवासी 98/179 मोहम्मदी अस्पताल के पास रेल पटरी बेकनगंज कानपुर नगर को 100 किग्रा0 गोमांस स्कूटी ले जाते हुये पकड़कर जेल भेजने के बाद अब उसके फरार साथी 15000 के इनामी को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है।

पुलिस के अनुसार औरैया से लाने के बाद उपरोक्त गो मांस को जेल भेजे गए आरोपी कानपुर बेचने के लिये ले जा रहे थे ,लेकिन निष्पक्ष



और पारदर्शी कार्य शैली के अमरेंद्र बहादुर की सक्रियता के फल स्वरुप वे कानून के शिकंजे में फंसने से बच नहीं सके थे।

पुलिस विभाग के माध्यम से जन सेवा के कर्तव्य मार्ग पर सफलता पूर्वक अग्रसर हर तरह के अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई में भी अग्रणी लोक हित में अपनी धुन के पक्के इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह की अगुवाई वाली टीम ने फरार चल रहे 15 हजार रुपये के ईनामिया अभियुक्त राजू बंजारा पुत्र लालाराम निवासी ग्राम रामपुर रामसहाय थाना अछल्दा जनपद औरैया को भी मुखबिर खास की सूचना पर भेवान नहर पुल से केशरी निवादा जाने वाले मार्ग पर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले जुझारू तेवरों वाले कठोर परिश्रमी इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि 100 किलो गोमांस गिरफ्तार जेल भेजे जा चुके कल्लू कुरैशी पुत्र हसीन कुरैशी एवं जुनैद का यह सहयोगी साथी राजू बंजारा पुत्र लालाराम निवासी ग्राम रामपुर रामसहाय थाना अछल्दा जनपद औरैया फरार चल रहा था, जिस पर?15000 का इनाम भी घोषित किया गया था।

इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में 15000 के इनामी गौ मांस तस्कर राजू बंजारा पुत्र लालाराम को गिरफ्तार करने वाली टीम में सब इंस्पेक्टर शिवेन्द्र कुमार वर्मा , हेड कांस्टेबल मोहित कुमार , कांस्टेबल अभिषेक और रिक्रूट महिला कांस्टेबल ज्योति आदि शामिल रहे।

# स्वयंसेवी संस्थान दिशा दीप न किया पौधे संरक्षण व जल- दान अभियान का शुभारंभ!

» प्रथम न्यूज़ । जालंधर

15 मई ( शैली अल्बर्ट )

बहुउद्देशीय स्वयंसेवी संस्थान दिशादीप नशा मुक्त समाज , रक्तदान, नेत्रदान, संपूर्ण शरीर दान , मजदूर बच्चों की शिक्षा तथा वातावरण संरक्षण जय श्री महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य कर रहा है के संस्थापक व चीफ़ लायन एस एम सिंह ने रंधावा कालोनी तथा हिमाचल कालोनी से पंजाब एवेन्यू स्थित मार्ग पर गत वर्ष किए गए पौधारोपण प्ले जीवित बचे पौधों के संरक्षण के लिए आगे आते हुए पौधों के संरक्षण के लिए पूजा कवच तथा पौधों के लिए जन -दान अभियान का शुभारंभ सरबजीत कौर चेयरमैन दिशादीप स्त्री विंग, सुरिंदर भारती, जनरल सेक्रेटरी राम खिलावन, विनोद कुमार शर्मा , खुशी शर्मा, राजवीर कौर के साथ करते हुए समाज के वातावरण के प्रति सजग व जागृत नागरिकों से करबद्ध निवेदन किया के इस भीष्म गर्मी में जब भी आप



प्रात: व शाम के समय सैर के लिए निकले तो अपने साथ एक या दो लीटर पानी की बोतल अवश्य साथ ले जाए और सड़क के किनारे लगे हुए पौधों को जल दान कर मुरझाने से बचने और जीवित रहने में मदद करें! उन्होंने यह भी बताया यह आवारा पशुओं से इन बचे हुए पौधों के संरक्षण बचाव के लिए पौधे कवच लगाने की व्यवस्था भी की जा रही है! आगामी सोमवार को कमिश्नर नगर निगम जालंधर श्री संदीप ऋषि तथा जालंधर नगर निगम के मेयर श्री विनीत धीर से पौधा संरक्षण के लिए पौधा कवच देने की आवश्यकता पर मंत्रणा करेंगे ! उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की के मानसून के सक्रिय होने तक नया पौधारोपन ना किया जाए!

## पंजाब निकाय चुनाव

# भाजपा ने जारी की 144 उम्मीदवारों की सूची

» प्रथम न्यूज़ । चंडीगढ़

15 मई ( एएम नाथ )

भारतीय जनता पार्टी पंजाब ने नगर निगम, नगर काउंसिल और नगर पंचायत चुनावों के लिए उम्मीदवारों की कई सूचियां जारी कर दी हैं। पार्टी के पंजाब प्रधान सुनील जाखड़ और कार्यकारी प्रधान अश्वनी शर्मा की मंजूरी के बाद अलग-अलग शहरों और कस्बों के प्रत्याशियों का ऐलान किया गया।

भाजपा द्वारा जारी सूचियों में धनोला, भदौड़, मौर, भिखीविंड, पट्टी, अजनाला, रामदास, रैया, अमरगढ़, भगता भाई का, श्री हरगोबिंदपुर साहिब, हरियाना, मोहाली और लालड़ू शामिल हैं। भदौड़ नगर काउंसिल चुनाव के



लिए पार्टी ने 13 उम्मीदवारों की घोषणा की है, जिनमें बलजीत कौर, राकेश टीटू, रहमत कौर, अमनदीप सिंह और राजविंदर सिंह जैसे नाम शामिल हैं।

मौर नगर काउंसिल के लिए भाजपा ने 14 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। इनमें पाला सिंह, गुरमीत कौर, बलकार सिंह उर्फ काला सिंह, यशपाल गोयल और कमलप्रीत सिंह प्रमुख हैं। पट्टी नगर काउंसिल चुनाव की दूसरी सूची में 17 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। इनमें शरणजीत कौर, सुरिंदर सिंह, सुमन बाला, धीरज कुमार, नरिंदर सिंह और शमशेर सिंह प्रमुख हैं। अजनाला नगर पंचायत के लिए भाजपा ने 15 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। इसमें सरनजीत कौर, विक्रम बेदी, राजेश चोहान, संतोष सिंह और अमरदीप सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है।

वहीं लालड़ू नगर काउंसिल की दूसरी सूची में मुन्नी उप्रेती, अमनप्रीत कौर, हेमंत शर्मा, गुरमेल सिंह, संजीव कुमार और मीना रानी को टिकट मिला है।

## नीट पेपर लीक होने के बाद शिक्षा मंत्री ने किया बड़ा ऐलान

# अगले साल से ऑनलाइन होगा नीट एग्जाम

» प्रथम न्यूज़ । नई दिल्ली

15 मई ( एएम नाथ )

NEET-UG परीक्षा को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। खबर है कि अगले साल से नीट एग्जाम ऑनलाइन होगा। इस बात का ऐलान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया है। मिली जानकारी के मुताबिक अगले सत्र से NEET-UG परीक्षा ऑनलाइन होगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को इसका ऐलान किया। इसके साथ ही उन्होंने माना कि 3 मई को हुई NEET-UG-2026 की परीक्षा के पेपर लीक हुए थे।

**21 जून को पुन- परीक्षा आयोजित** - इसके साथ ही NEET-UG की पुन- परीक्षा अब 21 जून को आयोजित की जाएगी। पेपर लीक के आरोपों और छात्रों के विरोध के बाद सरकार ने यह अहम कदम उठाया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार छात्रों की कड़ी मेहनत और उनके प्रयासों के प्रति हमेशा संवेदनशील रही है।

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, 'एग्जाम कैंसिल करने का कदम NTA ने ही उठाया है। 7 मई को पता चला कि गड़बड़ हुई है। एनटीए ने सरकार को बताया। फिर 12 मई को रीएग्जाम का फैसला लिया गया। हर चीज के लिए NTA ही जिम्मेदार होगा।'



# पंजाब में SIR अभियान पर सियासी घमासान

## सांसद सुखजिंदर रंधावा ने उठाए सवाल

» प्रथम न्यूज़ । चंडीगढ़

15 मई ( एएम नाथ )

पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री और गुरदासपुर से सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने विधानसभा चुनावों से पहले राज्य में शुरू किए जा रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) अभियान पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव से महज कुछ महीने पहले इस प्रक्रिया को लागू करना लोकतांत्रिक व्यवस्था पर संदेह खड़ा करता है।

पूर्व उप-मुख्यमंत्री रंधावा ने जारी बयान में कहा कि पंजाब में विधानसभा चुनावों के लिए दस महीने से भी कम समय बचा है। ऐसे में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू करने के पीछे केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि जब पंजाब और उत्तर प्रदेश में चुनाव लगभग एक ही समय पर होने हैं तो स्ढ्क्र पंजाब में अब क्यों लागू किया जा रहा है।



**चुनाव के बाद स्ढ्क्रकी मांग**

उन्होंने कहा कि यदि चुनाव आयोग का उद्देश्य मतदाता सूचियों को पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना है तो यह प्रक्रिया चुनाव के बाद भी करवाई जा सकती थी। चुनावों से ठीक पहले इस कदम से लोगों में राजनीतिक मंशा को लेकर शंका पैदा होना स्वाभाविक है।

रंधावा ने आरोप लगाया कि भाजपा केंद्र सरकार के प्रभाव में चुनावी प्रक्रियाओं का इस्तेमाल अपने राजनीतिक हितों के लिए करना चाहती है।

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं को नजर रखने को कहा**

उन्होंने कहा कि बिहार और पश्चिम बंगाल में भी मतदाता सूचियों को लेकर गंभीर शिकायतें सामने आई थीं। पंजाब में किसी भी वास्तविक मतदाता का नाम सूची से हटाने या उसे मतदान से वंचित करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस गांव-गांव और शहर-शहर अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से निगरानी करेगी ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने अधिकार से वंचित न रहे। साथ ही उन्होंने सभी विपक्षी दलों से भी मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होने की अपील की।